**खबर संक्षेप**


## तहसीलदार और नायब तहसीलदार की कामबंद हड़ताल

**सतना।** तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर चले गए हैं। इसकी वजह से जिले की 8 तहसीलों में 2500 राजस्व प्रकरण की सुनवाई पर असर पड़ा है। दरअसल सतना में तहसीलदार संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर बुधवार से तहसीलदार और नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सभी अधिकारी कार्यालय समय पर जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन पहुंचे और अपने वाहन वहीं खड़े कर दिए। सभी ने अपने डिजिटल सिग्नेचर भी जमा करा दिए हैं। मध्यप्रदेश कनिष्ठ प्रशासनिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ.शैलेन्द्र बिहारी शर्मा ने बताया कि न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन विभाजन के मुद्दे पर वे सरकार का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान अधिकारी शासकीय कार्यों से विरत रहेंगे। हालांकि,आपदा से जुड़े कार्य ही किए जा सकेंगे। हड़ताल के कारण जिले की आठ तहसीलों में लगभग 2500 राजस्व प्रकरणों की सुनवाई प्रभावित हुई है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने अपने वाहन खड़े कर दिए हैं,इससे पहले ही दिन 2500 प्रकरणों पर असर पड़ा। आम जनता को राजस्व संबंधी मामलों के लिए तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़े। दरअसल,प्रदेश सरकार ने राजस्व के बढ़ते मामलों को देखते हुए तहसील मुख्यालयों में न्यायिक और गैर न्यायिक अधिकारों का विभाजन करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में सभी तहसीलदारों को न्यायिक अधिकार प्राप्त हैं। सरकार के इसी फैसले का तहसीलदार संघ विरोध कर रहा है,जिसके चलते यह हड़ताल शुरू की गई है।

## जिला क्रिकेट संघ में खिलाड़ियों के लिए पंजीकरण शुरू

**मैहर।** जिला क्रिकेट संघ ने आगामी सत्र 2025-26 के लिए खिलाड़ियों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रक्रिया 7अगस्त से शुरू होकर 25अगस्त तक चलेगी। यह जानकारी क्रिकेट संघ के सदस्य अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस सत्र में केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही जिला और संभागीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। इच्छुक खिलाड़ी जेल रोड स्थित क्रिकेट स्टेडियम या जिला क्रिकेट संघ कार्यालय से फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र और पिछले तीन वर्षों की अंकसूचियों की प्रति लाना अनिवार्य है। इस पंजीकरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आगामी खेल आयोजनों में केवल योग्य और पंजीकृत खिलाड़ी ही शामिल हों।

## दिवंगत हरि प्रसाद कुशवाहाः एक संवेदनशील अधिकारी और कवि



**मैहर।** सत्य प्रकाश कुशवाहा के पूज्य पिता,हरि प्रसाद कुशवाहा का निधन हो गया है। वे नगर पालिका मैहर के सेवा-निवृत्त अधिकारी थे। हालांकि,उनकी पहचान सिर्फ एक अधिकारी के रूप में नहीं थी, बल्कि वे एक संवेदनशील कवि,समाजसेवी और मधुर संबंधों के धनी व्यक्ति थे।

## मां शारदा मंदिर में दर्शनार्थियों से मारपीट

**मैहर।** मां शारदा मंदिर के पास महाराष्ट्र से आए दर्शनार्थी बलराम यादव और उनके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। नहाने के बाद सड़क किनारे खड़े होने पर एक चाय दुकानदार ने गाड़ी हटाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया और अपने साथी के साथ मिलकर यात्री की पिटाई कर दी। इस घटना से घबराकर यात्री बिना दर्शन किए ही वापस जा रहे थे। एक स्थानीय व्यक्ति की मदद से पीड़ित परिवार को मां शारदा मंदिर चौकी ले जाया गया,जहाँ उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी रविकांत सोनी पर आईपीसी की धारा 151 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि,पीड़ित ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले को सिर्फ आवेदन तक सीमित रखने की सलाह दी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस अक्सर ऐसे मामलों में दुकानदारों का पक्ष लेती है,जिससे बाहरी दर्शनार्थियों के मन में गलत संदेश जाता है और मैहर की छवि खराब होती है।

### फायरिंग के लिए इंदौर से बुलाए गए थे भाड़े के गुंडे

# चाणक्यपुरी कॉलोनी में जमीन के विवाद पर चली थी गोली



**साजिश करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**
**पांच फरार आरोपियों की तलाश जारी**

कोलगवां थाना क्षेत्र में 3 अगस्त को हुए सनसनीखेज फायरिंग मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जबकि पांच अन्य बदमाशों की तलाश जारी है।

हरिभूमि न्यूज, सतना।

यह घटना जमीन विवाद का परिणाम थी,जिसमें एक पड़ोसी ने अपने बिजनेस पार्टनर और एक अपराधी के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। यह जानकारी बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने दी।

### घटना का विवरण

3 अगस्त को सुबह 9:20 बजे चाणक्यपुरी कॉलोनी में रहने वाले भागवत प्रसाद गुप्ता के घर पर पांच नकाबपोश बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर दी।बदमाशों ने घर के बरामदे में दो राउंड गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही कोलगवां थाना पुलिस,थाना प्रभारी और सीएसपी मौके पर पहुंचे।जांच के दौरान बरामदे से 3 खाली खोखे और 1 बुलेट बरामद हुई,जबकि रोशनदान के रास्ते किचन से 2 बुलेट मिलीं। फरियादी भागवत प्रसाद गुप्ता की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कोलगवां थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### पुलिस की कार्रवाई और जांच

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने सबसे पहले घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया।

### सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी

सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि आरोपी जिस वाहन से फरार हुए थे,उसका नंबर यूपी 32 जीआर 0404 था। इस नंबर की जांच के लिए एक टीम लखनऊ भेजी गई,लेकिन वहां ऐसी कोई गाड़ी नहीं मिली। गहनता से सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पता चला कि आरोपियों ने फरार होने के बाद नंबर प्लेट बदल दी थी। पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद गाड़ी का असली नंबर एमपी 21सीए 5670 खोज निकाला। जांच में पता चला कि यह गाड़ी सतना स्थित रसीद डेंटर गहरा नाला वर्कशॉप के यार्ड में मरम्मत के लिए खड़ी है और बुरी तरह से टूटी-फूटी है।




### कमल माटा से था विवाद

इसके बाद,पुलिस ने फरियादी भागवत प्रसाद गुप्ता की पृष्ठभूमि और उनके संबंधों की जानकारी जुटानी शुरू की। इसी दौरान पुलिस को एक अहम सुराग मिला कि भागवत प्रसाद का अपने पड़ोसी कमल माटा से एक जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। साथ ही,यह भी पता चला कि कमल माटा का एक बिजनेस पार्टनर रवि सिंह,जो रीवा जिले का निवासी है,घटना से कुछ दिन पहले घटनास्थल के आसपास संदिग्ध रूप से घूमता देखा गया था। पुलिस ने रवि सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की,लेकिन सख्ती से और मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर वह टूट गया और उसने पूरी साजिश का खुलासा कर दिया।

### साजिश का खुलासा

आरोपी रवि सिंह ने पुलिस को बताया कि वह कमल माटा का बिजनेस पार्टनर है और भागवत प्रसाद गुप्ता से एक जमीन को लेकर उनका विवाद चल रहा था,जिसमें दोनों का आर्थिक निवेश था। भागवत प्रसाद उस जमीन को कमल माटा के नाम करने को तैयार नहीं था,जिससे दोनों गुस्से में थे। कमल माटा ने रवि सिंह से कहा कि भागवत प्रसाद को सबक सिखाना होगा,ताकि वह जमीन उनके नाम कर दे। इसके बाद कमल माटा के कहने पर रवि सिंह ने अपने रिश्तेदार सुभाष सिंह से संपर्क किया,जो एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। तीनों ने मिलकर इस घटना की पूरी योजना बनाई। योजना के तहत, 30 और 31 जुलाई को आरोपियों ने भागवत प्रसाद के घर की रेकी की। 31 जुलाई की रात को कमल माटा के घर पर अंतिम योजना को अंजाम दिया गया। सुभाष सिंह ने अपनी गाड़ी पर एक पुरानी और कंडम गाड़ी एमपी 21सीए 5670 की नंबर प्लेट लगाई,जिसे उसने एक वर्कशॉप में देखा था। घटना को अंजाम देने के लिए,उसने अपनी गाड़ी पर एक फर्जी नंबर प्लेट यूपी 32 जीआर 0404 लगा ली,ताकि शक की सुई उत्तर प्रदेश के बदमाशों पर जाए,जिनसे भागवत प्रसाद का पुराने विवाद के दौरान संपर्क रहा था। सुभाष सिंह ने अपने संपर्कों का इस्तेमाल करके इंदौर से पांच बदमाशों को बुलाया,जिन्हें वह नहीं जानता था। ये सभी बदमाश 2 अगस्त को रीवा पहुंच गए। 3 अगस्त की सुबह, आरोपी रवि सिंह अपनी गाड़ी एमपी 04 जेड जेड1366 से सतना आया और उसे एक सुरक्षित जगह पर खड़ा करके कमल माटा के घर चला गया। वहां से वह लगातार भागवत प्रसाद की लोकेशन सुभाष और उसके साथियों को भेजता रहा। लोकेशन मिलते ही सभी आरोपी 0404 नंबर की गाड़ी से घटना स्थल पर पहुंचे और फायरिंग करके फरार हो गए। घटना के बाद सुभाष सिंह ने उन्हीं बदमाशों को अपनी गाड़ी से भोपाल तक छोड़ा और फिर रीवा लौट गया।

### गिरफ्तार आरोपी और आगे की कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें रवि प्रताप सिंह 45 वर्ष, निवासी तिलखंड,रीवा,सुभाष सिंह परिहार 40 वर्ष,निवासी तिलकांड,रीवा और कमल कुमार माटा 67 वर्ष,निवासी चाणक्यपुरी कॉलोनी शामिल हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन जिस पर फर्जी नंबर एमपी 21 सीए 5670 अंकित था जब्त कर लिया है। फरार पांच अज्ञात बदमाशों की शिनाख्त और गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं। पुलिस टीम की इस सराहनीय कार्रवाई के लिए उन्हें 10,000 रुपये का नगद इनाम देने की घोषणा की गई है।

### हुंडी का काम करता है माटा

नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चाणक्यपुरी कॉलोनी में रहने वाला कमल माटा हुंडी का कारोबारी है। जबकि सुभाष सिंह पर 18 गंभीर मामले दर्ज हैं जिसमें हत्या हत्या के प्रयास और लूट जैसे प्रकरण शामिल हैं। इसी प्रकार रवि सिंह कमल माटा का बिजनेस पाटन पार्टनर है और खेती का कारोबार भी करता है।

### भागवत का पहले भी हुआ था विवाद

साल 2022-23 में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पुषकरिणी पार्क के पीछे गुप्ता पैलेस की जमीन को लेकर भागवत प्रसाद गुप्ता और बबलू गुप्ता के बीच साल 2022-23 में विवाद हुआ था।इस मामले में पुलिस ने भगवत गुप्ता उनके पुत्र सहित लगभग 10 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। भगवत गुप्ता पर आरोप था कि उन्होंने लखनऊ की एक सिक्योरिटी एजेंसी से महिला और पुरुष लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोगों को बुलाया था और तड़के पैलेस और आसपास के बने मकान को खाली करने पर जमकर विवाद हुआ था। मारपीट लाठी डंडे को चले थे। भागवत गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में उनके पुत्र व अन्य आरोपी भी गिरफ्तार किए गए थे। घटना की जांच तब के सिटी कोतवाली के टीआई एम एस उपाध्याय ने की थी उसके बाद पुलिस अधीक्षक में सिविल लाइन की तत्कालीन टीआई अर्चना द्विवेदी को जांच का जुम्मा सौंपा था। पुलिस ने लखनऊ से 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। उसके बाद कोर्ट के आदेश पर दूसरे पक्ष के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ था।



# खाद वितरण केंद्र पर उमड़ी भीड़, पुलिस ने संभाली व्यवस्था

मैहर।

खाद की किल्लत के कारण कटिया खाद वितरण समिति केंद्र पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस को मौके पर आना पड़ा। नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान और थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने किसानों से शांति बनाए रखने और क्रमबद्ध तरीके से खाद लेने की अपील की। किसान आरोप लगा रहे हैं कि मैहर में खाद की काला बाजारी हो रही है,जिससे उन्हें सही दाम पर खाद नहीं मिल पा रही है। समितियों के अधिकारी और कर्मचारियों की मिलीभगत से सेटिंग वाले किसानों को ही खाद मिल पाती है,जबकि बाकी किसान रात से लाइन लगाकर भी खाली हाथ रह जाते हैं। सरकार की किसानों के लिए सब्सिडी और जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण देने की कोशिशों को खाद माफिया नाकाम कर रहे हैं। इस कालाबाजारी की आड़ में नकली और घटिया खाद भी बेची जा रही है,जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है। किसानों ने जिला प्रशासन से स्टॉक की जांच करने और दुकानों पर रेट लिस्ट लगाने की मांग की है।

### साइबर सेल की टीम ने 35.25 लाख कीमत के मोबाइल मालिकों को सौंपे

# गुम और चोरी गए 255 मोबाइल फोन पुलिस ने किए बरामद





सतना।

साइबर सेल ने बीते 10 महीनों में बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने गुमशुदा और चोरी हुए कुल 255 मोबाइल फोन बरामद किए हैं,जिनकी कुल कीमत करीब 35,25,000 आंकी गई है। ये मोबाइल फोन न केवल सतना,बल्कि देश के अन्य राज्यों और शहरों से भी खोजकर उनके असली मालिकों को लौटाए गए। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के अनुसार,रोजाना मोबाइल गुम होने की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर उन्होंने एएसपी शहर शिवेश सिंह और एएसपी देहात प्रेमलाल कुर्वे को निर्देश दिए कि गुम मोबाइलों की शीघ्र बरामदगी के लिए साइबर सेल की मदद ली जाए। सायबर सेल प्रभारी के नेतृत्व में बनी विशेष टीम सीएसपी और संबंधित एसडीओपी के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक अजीत सिंह की अगुवाई में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों पर तुरंत एक्शन लिया और मोबाइल ट्रेसिंग शुरू की।

### देशभर से खोजे मोबाइल

टीम ने सतना के अलावा रीवा, पन्ना, मैहर, चित्रकूट, दिल्ली, जयपुर, बैंगलोर, झांसी, भिंड, दतिया, उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों और शहरों से मोबाइल फोन खोज निकाले। बरामद किए गए सभी 255 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंप दिए गए। मोबाइल मिलने पर कई लोगों की आंखों में आंसू और चेहरे पर राहत देखने को मिली।कुल कीमत 35 लाख 25 हजार बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 35.25 लाख बताई गई है। पुलिस अधीक्षक ने टीम के प्रयासों की सराहना की और बताया कि आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि ज्यादा से ज्यादा पीड़ितों को राहत मिल सके।

# युवाओं को दी शासकीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत (माय भारत) कटनी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री कौशल केंद्र में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत करने के बाद, जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर ने युवाओं को कार्यशाला के उद्देश्य से अवगत कराया। केंद्र संचालक वेद प्रकाश परौहा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से युवाओं को पीएम मुद्रा योजना के बारे में विस्तार से बताया, जिसका लक्ष्य गैर-कृषि क्षेत्रों के सूक्ष्म और लघु उद्योगों को 10 लाख रूपये तक का ऋण प्रदान करना है। उन्होंने डिजिटल इंडिया इनिशिएटिव पर भी जानकारी दी, जिसका उद्देश्य ऑनलाइन बुनियादी ढांचे के जरिए नागरिकों को सरकारी सेवाएं इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध कराना है।

संस्थान के विषय विशेषज्ञ दीपभान चौबे ने कौशल भारत मिशन (पीएमकेवीवाई) के तहत युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर रोजगार और उद्यमिता के अवसर पैदा करने पर जोर दिया। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में भी बताया, जिसके तहत पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पियों को प्रशिक्षण, 500 रूपये का दैनिक भत्ता और 15 हजार रूपये की टूलकिट प्रदान की जाती है। इसके अलावा, उन्होंने स्टैंड-अप इंडिया योजना, पीएम उज्ज्वला योजना और नशा मुक्त भारत अभियान जैसी अन्य महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

### महिला बाल विकास सुपरवाइजर को सस्पेंड करने के निर्देष

# गलत जानकारी देने पर कलेक्टर ने की कार्यवाही

मैहर।

कलेक्टर रानी बाटड ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में महिला बाल विकास की योजनाओं , गतिविधियों एवं पोषण आहार वितरण के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महिला बाल विकास का मुख्य उद्देश्य गर्भवती माताओं और बच्चों को कुपोषण से बचाव और उनका शारीरिक मानसिक विकास है।आंगनवाडी केन्द्रों में नास्ता और पका भोजन सही समय पर उपयुक्त रूप से मिलना चाहिए। आंगनवाडी केन्द्र समय पर खुले और संचालित हो। एनआरसी में भर्ती योग्य बच्चों को भर्ती कराये। आंगनवाडी केन्द्र करसरा में पोषण आहार वितरण और संचालन के संबंध में सुपरवाइजर रचना मिश्रा द्वारा विरोध भाषी अलग-अलग प्रतिवेदन और जानकारी देने पर कलेक्टर ने संबंधित सुपरवाइजर को निलंबित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों में सुपरवाइजनों द्वारा की गई आंगन वाडी केन्द्र निरीक्षण की रिपोर्ट समक्ष में प्रस्तुत करें। इसके साथ ही आंगनवाडी केन्द्रों में बंटने वाले पोषण आहार और स्वसहायता समूहों को किये गये भुगतान की जानकारी भी प्रस्तुत की जाये। कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्रों के निरीक्षण की गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर सुपरवाइजर और सीडीपीओ पर कार्यवाही की जायेगी।

# श्रमिकों को समय सीमा में वेतन भुगतान करने कलेक्टर के निर्देश

**सतना।** वेतन भुगतान अधिनियम 1936 की धारा 5 द्वारा वेतन भुगतान की समय-सीमा निर्धारित की गई है। कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने समस्त शासकीय कार्यालयों,निगमों,मंडलों एवं संस्थानों में आउटसोर्स एवं ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत श्रमिकों को समय-सीमा में वेतन भुगतान करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान जहां 1000 से कम व्यक्ति नियोजित है,उनमें कार्यरत व्यक्तियों को जिस माह में कार्य में किया गया है। उसके आगामी माह की 7 तारीख तथा ऐसे संस्थान जहां 1000 से अधिक व्यक्ति नियोजित है उनमें कार्यरत व्यक्तियों को जिस माह में कार्य किया गया है उसके आगामी माह की 10 तारीख तक वेतन भुगतान किया जाना आवश्यक है।

# मैहर में पार्षद ने करवाई सड़क की मरम्मत

मैहर।



नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 15 में सीवर लाइन के काम और अधिकारियों की अनदेखी के चलते स्थानीय पार्षद ध्यानेश घई 'सन्नी भैया' ने जनहित में खुद पहल की है। वार्ड में भोला राम सवधानी के घर से दीपक बजाज के घर तक की सड़क कई दिनों से खराब थी,जिससे आवागमन मुश्किल हो गया था। बार-बार शिकायत के बावजूद जब नगर परिषद ने कोई कार्रवाई नहीं की, तो पार्षद घई ने अपने निजी खर्चे से 6 एमएम की गिट्टी डलवाकर सड़क को ठीक कराया। पार्षद का आरोप है कि विपक्ष का पार्षद होने के कारण उनके वार्ड में कोई विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के पार्षदों के वार्डों में काम तुरंत होते हैं,जबकि विपक्ष के वार्डों को नजरअंदाज किया जाता है। स्थानीय जनता ने पार्षद के इस कदम की सराहना की है,खासकर बारिश के मौसम में आवागमन को आसान बनाने के लिए।

## खबर संक्षेप

### बकरी चराने गए युवक पर बाघ ने किया हमला, हालत गंभीर, पन्ना रिफर



**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अमानगंज के द्वारी वीट अंतर्गत ग्राम जसवंतपुरा में बाघ के हमले में युवक रामबगस पाल पिता रूप लाल पाल उम्र 32 वर्ष निवासी जसवंतपुरा गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि रामबगस पाल अपनी बकरियां ले कर जंगल चराने ले गया था जहां तमगड़ हार कूड़न बाली गली में तलाव के ऊपर पुलिया के पास बाघ घात लगाए छिपकर बैठा हुआ था जैसे ही रामबगस पुलिया के पास पहुंचा तो बाघ ने हमला कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों के द्वारा अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पन्ना रेफर कर दिया गया बही पर वन मंडल अमानगंज के अधिकारीओ द्वारा युवक को इलाज के लिए पन्ना जिला चिकित्सालय ले कर गए।

### बिजली के तार से करंट लगने से बेहोशी की हालत में मिली महिला को डायल-112/100 से अस्पताल में भर्ती कराया



**पन्ना।** पन्ना के थाना अजयगढ़ क्षेत्र में बारा गाँव में बिजली के तार से करंट लगने से एक महिला घायल हो गयी है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 06-08-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल अजयगढ़ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक रामनरेश गुप्ता एवं पायलेट गुमान सिंह ने मौके पर पहुँचकर बताया कि बिजली के तार से करंट लगने से एक 40 वर्षीय महिला बेहोशी की हालत में है। डायल-112/100 जवानों ने पीड़ति महिला को परिजन के साथ एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर अजयगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ पीड़ति महिला विमला अहिरवार पति सुनंदी अहिरवार उम्र 40 वर्ष निवासी बारा का उपचार किया जा रहा है।

### मंदिर प्रांगण के बाहर स्थापित विद्युत पोल से करंट लगने से महिला बेहोश

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर के वार्ड क्रमांक 4 ज्वाला देवी माता मंदिर के पास स्थित संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर के अंदर लगा विद्युत पोल बड़ी अनहोनी की आशंका लगातार भक्तों के बीच उत्पन्न कर रहा है साथ ही कुछ घटना भी घटित कर चुका है विद्युत पोल को हटाए जाने को लेकर स्थानीय मंदिर समिति द्वारा विद्युत विभाग को उसकी जानकारी दी जा चुकी है कि मंदिर के बाहर विद्युत पोल स्थापित किया जाए क्योंकि स्कूल के यहां स्थापना होने से सर्विस लाइनों का लंबा जाल मंदिर घुमट के संपर्क में होकर विद्युत करंट प्रवाहित करता है जिससे भक्तों को करंट लगने का डर हमेशा बना रहता है। गत 10 जुलाई की शाम माता मंदिर की सेविका करंट के प्रभाव में आकर यहां बेहोश हो चुकी है अचानक विद्युत सप्लाई बंद हो जाने से भगवान ने उसकी जान बचाई है मंदिर समिति और वार्ड वासी जनता स्पेशल में कई बार विद्युत कर्मचारी से भी आग्रह कर चुकी है परंतु कनिष्ठ अभियंता इस मामले में काफी अनूसूना करते देखे जा रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह का दिखावा, ज़मीनी हकीकत में हादसे और खून की लालिमा

# गड्ढों में तब्दील देवेंद्रनगर-सलेहा सड़क बनी मौत का रास्ता

**देवेंद्रनगर। देवेंद्रनगर से सलेहा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क बदहाल स्थिति में दम तोड़ रही है। यह मार्ग अब सड़क कम, गड्ढों की श्रृंखला अधिक प्रतीत होता है। वर्षों से उपेक्षित इस सड़क की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि राहगीरों के लिए यह जानलेवा बन गई है। शासन के गड्ढा-मुक्त अभियान के बावजूद इस मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। सड़क की पूरी सतह उखड़ चुकी है।**

कृषि उपज मंडी के पास और अन्य कई स्थानों पर इतने गहरे गड्ढे हैं कि दुपहिया वाहनों का निकलना जोखिम भरा हो गया है। स्कूली बच्चे कीचड़ में फिसलकर गिरते हैं, उनकी पोशाकें गंदी हो जाती हैं, वहीं प्रतिदिन वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। कई बाइक चालक गड्ढों में फंसकर गिर चुके हैं, जिससे गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों के बावजूद न तो डिवाइडर हैं, न ही रिफ्लेक्टर या ट्रैफिक संकेतक। सड़क सुरक्षा सप्ताह महज औपचारिकता बनकर रह गया हैकृबैनर, पोस्टर और चालान के नारों के बीच ज़मीन पर लाल हो रही सड़कें नीतिगत संवेदनहीनता की पोल खोल रही हैं। यह मार्ग अब सिर्फ एक रास्ता नहीं, बल्कि 'संभावित श्मशान' बन चुका है।





### स्थानीयजनों की गुहार- तुरंत हो मरम्मत

स्थानीय निवासियों ने पन्ना कलेक्टर से मांग की है कि देवेंद्रनगर-सलेहा मार्ग की मरम्मत तत्काल कराई जाए। खासकर कृषि उपज मंडी के सामने सड़क की हालत बदतर है, जिससे खरीदी के समय ट्रक और ट्रैक्टरों की आवाजाही में भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है।

### इनका कहना है-

देवेंद्रनगर से सलेहा मार्ग पर गड्ढों की मरम्मत हेतु ठेकेदार को निर्देशित कर दिया गया है। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

राजमणि बागरी,
उपयंत्री, पन्ना

# यह तो होना ही था..! रात में बची जान दिन में होता तो जा सकती थीं दर्जनों जानें

### क्या टोल रोड पर ट्रक हादसे से खुलेगी सरकार की आंखें?



**देवेंद्रनगर।** बड़ागांव मोड़ से सतना तक की टोल रोड अब केवल नाम की सड़क रह गई है, असल में यह 50 किलोमीटर लंबी जानलेवा पट्टी बन चुकी है। शनिवार देर रात राम मंदिर रोड के पास एक दस पहिया ट्रक भीषण गड्ढे में धंस गया, एक्सल टूट गया और वाहन 15 से 20 फीट तक घिसटता हुआ रुका। यह तो होना ही था कृ क्योंकि पूरी टोल सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है, रूट तक गड्ढों में गुम हो चुका है। अगर यही हादसा दिन के समय हुआ होता तो दर्जनों वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे और कई लोगों की जान चली जाती। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस एक गड्ढे में अब तक कम से कम 25 से 30 मोटरसाइकिल सवार गिर चुके हैं, कई कारें पलटते-पलटते बची हैं और बड़े वाहन बार-बार डगमगाए हैं। यह केवल एक जगह की बात नहीं कृ पूरी सड़क पर हर 100 से 200 मीटर पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, कहीं डामर गायब है, तो कहीं पूरा रूट ही समाप्त हो चुका है। हालत यह है कि रात को वाहन चलाना तो मुश्किल है ही, दिन में भी यह तय करना कठिन है कि सड़क है या सिर्फ गड्ढों की श्रृंखला। इसके बावजूद टोल टैक्स लिया जा रहा है, और बिना किसी शर्म के लगातार वसूली जारी है। जनता अब पूछ रही है कि जब सड़क ही नहीं रही, तो यह टोल किस बात का? टोल टैक्स एक सुरसा बन चुका है कृ एक बार चालू हुआ तो खत्म ही नहीं होता। शासन को चाहिए कि हर टोल प्लाजा पर एक डिजिटल स्क्रीन लगाई जाए, जिसमें सड़क निर्माण की कुल लागत, अब तक वसूला गया टोल और शेष राशि का स्पष्ट विवरण हो ताकि जनता को यह जानने का अधिकार मिले कि यह वसूली कब खत्म होगी। साथ ही जब तक सड़क दुरुस्त नहीं होती, टोल वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। अगर शासन अब भी नहीं चेता तो अगली दुर्घटना में केवल वाहन नहीं पलटेंगे कृ लोगों की जिंदगी भी खत्म हो सकती है, और इसकी सीधी जिम्मेदारी सरकार, ठेकेदार व प्रशासन की होगी।

# रक्षाबंधन पर्व पर बंदियों से भेंट कर सकेंगी बहनें

### बंदी के परिवार की महिला सदस्य व 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ही मिलेगा जेल गेट के अंदर प्रवेश

**पन्ना।** जेल विभाग द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियो के परिजनों को शनिवार, 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर बंदियों से मुलाकात के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। सब जेल पवई के सहायक जेल अधीक्षक मुनीन्द्र मिश्रा द्वारा जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया है। पुरूष बंदियों से मुलाकात और राखी बांधने के लिए केवल बंदी के परिवार की महिला सदस्यों एवं 6 वर्ष से कम आयु के बालक को ही जेल गेट के अंदर प्रवेश मिल सकेगा। बंदी से भेंट के लिए सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक पंजीयन होगा। मुलाकात का समय 10 मिनट निर्धारित है। परिजन को आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पैन कार्ड इत्यादि में से कोई एक पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। कीमती सामान, पर्स, मोबाइल, नगद राशि इत्यादि परिजन को बाहर देकर ही जेल गेट पर प्रवेश मिल सकेगा। यह सामग्रियां जेल के अंदर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त तैयार भोजन तथा बाहर से निर्मित किसी भी प्रकार के मिष्ठान और नारियल को अंदर ले जाने पर भी रोक रहेगी। केवल मौसमी फल जैसे सेव, केला, अनार इत्यादि दो-दो नग व पैक मिष्ठान ले जाने की अनुमति होगी। जेल प्रशासन द्वारा हल्दी, चावल व सिंदूर इत्यादि के साथ पूजा की थाली उपलब्ध कराई जाएगी। महिलाओं को रूमाल और राखी स्वयं लेकर आना होगा। बंदी से मुलाकात के लिए आने वाले सभी परिजनों को बाहर एक साथ एकत्र होने पर ही बंदी से भेंट कराई जाएगी। मुलाकात स्थल पर बार-बार एक ही बंदी को नहीं बुलाया जाएगा। इस दौरान राशि के नगद लेन देन पर भी प्रतिबंध रहेगा। साथ ही तम्बाकू, बीड़ी, गांजा, चरस एवं अन्य मादक पदार्थ इत्यादि को जेल के अंदर ले जाना भी पूर्णतः वर्जित रहेगा। जेल प्रशासन द्वारा तलासी में पूर्ण सहयोग प्रदान कर किसी भी प्रकार का विवाद न करने के संबंध में भी सूचित किया गया है अन्यथा कानूनी व वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# आबकारी द्वारा एक ही दिन के 7 स्थानों से 121 लीटर महुआ की कच्ची शराब सहित आरोपी पकड़े



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाए जाने हेतु सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के नेतृत्व में संयुक्त दल का गठन किया गया । आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि आज सुबह के समय विश्वस्त मुखबिरों की सूचना पर अचानक गठित दल के द्वारा देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 5 सिसोदिया मोहल्ला (कंजराना) में शिवशंकर सिसोदिया पिता रामलाल सिसोदिया, उम्र 55 वर्ष के कब्जे से 20 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 3000 रुपए लगभग जप्त किया। राहुल कंजर पिता राजू कंजर, उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 18 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 2700 रुपए लगभग जप्त किया गया। श्रीमती पूजा सिसोदिया पति हिरेंद्र सिसोदिया, उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 17 राहुल कंजर पिता राजू कंजर, उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 18 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 2700 रुपए लगभग जप्त किया गया। राजाराम सिसोदिया पिता श्री फूला सिसोदिया, उम्र 46 वर्ष के कब्जे से 22 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 3300 रुपए लगभग जप्त किया गया । श्रीमती संजो सिसोदिया पति नंदू सिसोदिया, उम्र 37 वर्ष, राहुल कंजर पिता राजू कंजर, उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 23 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 3450 रुपए लगभग जप्त किया गया । इसी तरह ग्राम राजापुर में श्रीमती निमिया आदिवासी पति श्री आदिवासी, उम्र 44 वर्ष के कब्जे से 8 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित शराब की 1200 रुपए लगभग जप्त की गई । ग्राम मढियादाई (बड़वारा) में श्रीमती शीला आदिवासी पति श्री प्रकाश आदिवासी, उम्र 35 वर्ष के कब्जे से 13 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित शराब कीमती 1950 रुपए लगभग जप्त की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव, आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी उपनिरीक्षक हरीश कुमार पाण्डेय, आबकारी आरक्षक देवधर शर्मा, स्मिता ठाकुर, रविप्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, कुलदीप जाटव, नगर सैनिक फोटोलाल प्रजापति, मोतीलाल प्रजापति और जहान सिंह यादव और सुरेंद्र सिंह बुंदेला शामिल रहे।

### कलेक्टर के प्रयास से बलराम जयंती पर पहली बार आयोजित होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के प्रयास से इस वर्ष पहली बार बलराम जयंती के अवसर पर श्री बल्देव जी मंदिर परिसर पन्ना में 14 अगस्त को संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में इसका प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। इसके अतिरिक्त 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रागण पन्ना में पूर्व वर्ष की भांति श्री कृष्ण पर्व का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आमंत्रित कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। श्री बल्देव जी के जन्मोत्सव हरछठ पर्व पर छतरपुर की कलाकार कमला लोधी भक्ति गायन, सीधी के कलाकार लाल बहादुर घासी द्वारा घसिया बाजा एवं स्वप्निल मैलोडी ग्रुप जबलपुर बैंड के कलाकारों द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा। इस क्रम में जन्माष्टमी पर आयोजित श्री कृष्ण पर्व पर सागर के अमित घारू बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य तथा टीकमगढ़ के पवन तिवारी द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने उक्त दोनों कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जबकि पुलिस अधीक्षक सहित अनुविभागीय दण्डाधिकारी पन्ना, तहसीलदार पन्ना, मनरेगा के परियोजना अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी एवं यातायात थाना प्रभारी को भी आवश्यक व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा गया है। समस्त अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन तथा मिलिंद त्रिंबके 9425374853 से समन्वय कर गरिमामय कार्यक्रम आयोजन के संबंध में निर्देशित किया गया है।




# देवेंद्रनगर से काशी तक संस्कृत की गौरव यात्रा आरंभ



### सागर संभाग के एकमात्र शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का प्रथम शैक्षिक टूर रवाना

**देवेंद्रनगर।** सागर संभाग के इकलौते और ऐतिहासिक शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेंद्रनगर ने आज एक नई परंपरा की शुरुआत करते हुए अपने 34 छात्र-छात्राओं को सात दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए काशी (वाराणसी) रवाना किया। यह पहला अवसर है जब इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण की स्वीकृति और अवसर प्राप्त हुआ है। इस गौरवपूर्ण क्षण को संभव बनाया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा और जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पवन शुक्ला ने, जिनके अथक प्रयासों से यह ऐतिहासिक पहल सफल हो सकी। इस भ्रमण में डॉ. शर्मा के साथ शिक्षक ध्रुव कुमार पांडे एवं रूद्रेश बर्मन भी छात्रों के मार्गदर्शक के रूप में सम्मिलित हैं। विद्यार्थियों को विदा करने हेतु महाविद्यालय परिसर में सादगीपूर्ण, परंतु अत्यंत गरिमामय आयोजन हुआ। इस अवसर पर रामनरेश द्विवेदी, आशीष खरे, ओम शर्मा, ललित गुप्ता एवं जयकुमार कुशवाहा जैसे समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बच्चों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। यह भ्रमण केवल शैक्षिक नहीं, संस्कृति, आध्यात्म और संस्कृत शास्त्रों के प्रत्यक्ष अनुभव की यात्रा है। काशी जैसे सनातन संस्कृति के प्राचीनतम केन्द्र में जाकर विद्यार्थी वहां की परंपराओं, मंदिरों, विश्वविद्यालयों, गुरुकुलों, घाटों और ज्ञान के जीवंत स्रोतों से जुड़ाव महसूस करेंगे। 'शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेंद्रनगर सागर संभाग का न केवल इकलौता, बल्कि अत्यंत प्रतिष्ठित एवं वर्षों पुराना शिक्षण संस्थान है। यहाँ पन्ना, छतरपुर, दमोह, सतना जैसे दूर-दराज के जिलों से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। इस संस्थान ने अब तक अनेक विद्वानों, आचार्यों और कर्मयोगियों को समाज को समर्पित किया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों की प्रसन्नता और गर्व का जो दृश्य सामने आया, वह केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं बल्कि संस्कृत शिक्षा के नवजागरण की घोषणा थी। यात्रा के पूर्व उनके चेहरों पर उत्साह, आँखों में सपने और मन में तीर्थ-ज्ञान की ललक स्पष्ट झलक रही थी।

**प्रासंगिक जानकारी-**

इस महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण हेतु स्थानीय विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा जी के प्रयासों से शासन द्वारा पूर्व में बजट की स्वीकृति दी जा चुकी है। नवीन भवन निर्माण पूरा होने के बाद देवेंद्रनगर में संस्कृत शिक्षा को एक सशक्त, समर्पित और स्थायी आधार प्राप्त होगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को संरचित और समृद्ध शैक्षिक वातावरण प्राप्त होगा।

# हर घर हो तिरंगा: निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा- रविराज यादव

**अमानगंज।** स्वतंत्रता दिवस के विशेष मौके पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष की भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के दिशा निर्देशों पर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा का आयोजन सारे प्रदेश में मजबूती से कर रही है जिसके दिशा निर्देश हर जिला मुख्यालय पर पहुंच गए हैं और जिला संगठन के दिशा निर्देशन में यह आयोजन हर मंडल स्तर पर आयोजित किया जा रहे हैं जिसकी तैयारी हेतु आज दिनांक 6 अगस्त 2025 को भाजपा मंडल अमानगंज में एक बैठक का आयोजन नगर के साइ मंडप में आयोजित की गई बैठक के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा जिला संगठन के उपाध्यक्ष रवि राज यादव आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश प्रतिनिधि पंडित जयप्रकाश चतुर्वेदी द्वारा की गई और विशेष अतिथि के रूप में अमानगंज नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, अंगद प्रजापति लखन लाल जी तिवारी विशाल सिंह भदोरिया त्रिलोक सिंह यादव गिरधारी लाल चौधरी जिला मंत्री आदि ने की कार्यक्रम के आरंभ में भारत माता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी के चित्रों पर माल्य अर्पण दीप प्रजुलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तद उपरांत



उपस्थित मंडल पदाधिकारी द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण के साथ स्वागत किया और महामंत्री मंडल दीपक यादव जी द्वारा अपना स्वागत विचार संचालन कार्यक्रम के साथ रखा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि राज यादव जी ने बताया कि यह आयोजन 10 अगस्त से तीन वर्गों में आयोजित होगा जिसमें युवा मोर्चा भाजपा महिला मोर्चा भाजपा अपने-अपने स्तर से नगर में तिरंगा यात्रा निकलेगी और सभी प्रकोष्ठ इसमें शामिल होकर स्वतंत्रता विषय को लेकर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे साथ ही हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा का आयोजन स्वतंत्रता दिवस के दिन होगा जो निर्धारित समय पर शाम को राष्ट्रीय ध्वज समय पर उतरेंगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के वरिष्ठ नेता प्रदेश प्रतिनिधि और आज के अध्यक्ष पंडित जयप्रकाश चतुर्वेदी जी ने कहा कि आज भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र बनकर खड़ा हो चुका है जो किसी के भी दबाव में नहीं आएगा वह अपनी इच्छा शक्ति के हिसाब से काम करेगा इसके पहले अपने भारत की मजबूती में अटल जी का भी उदाहरण परमाणु परीक्षण के समय का दिया और आज देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी के समय भारत को मिली बड़ी सफलता पर भी अपनी बात बताई और कहा कि अन्य देश जो भारत पर अनावश्यक दवाव बना रहे हैं वह सब बेकार है भारत के हित में जो भी होगा वह भारत करेगा कार्यक्रम के अंत में मंडल संगठन के उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की कार्यक्रम में मुख्य रूप से हर घर का तिरंगा कार्यक्रम के संयोजक पूर्व महामंत्री प्रदीप अवस्थी महामंत्री राजा प्रजापति उपाध्यक्ष अरविंद दुबे उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह छोटे राजा उपाध्यक्ष आनंद सिंह राजपूत सरपंच विजय सोनी सरपंच अनिल पांडे अशोक मिश्रा कमल जैन कमलेश पांडे पंकज परोहा विक्की अग्रवाल गजेंद्र सिंह राजपूत सौरभ तिवारी रामू सोनी वेद राम पांडे राम बहोरी राजपूत सुरेश रेले अरविंद चौधरी विजय सक्सेना सुदीप सिंह सहित विभिन्न पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आनंद राठी समेत 5 कंपनियों के आईपीओ को सेबी ने दी मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पर पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो खबर आपके लिए है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 5 कंपनियों के आईपीओ को मंजूरी दे दी है।

- प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स, गुजरात किडनी, ईपैक प्रीफैब का आईपीओ होगा लांच

इनमें से एक कंपनी आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स भी है। आनंद राठी ग्रुप की कंपनी है, जो शेयर ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म है। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के अलावा प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स, एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया, गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी और ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज के आईपीओ लांच होने वाले हैं। इन पांचों कंपनियों ने इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए थे।

## आनंद राठी का आईपीओ 745 करोड़ रुपए के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा

### तीन अन्य कंपनियों का क्या है प्लान

एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया की बात करें तो 550 करोड़ रुपये का आईपीओ 300 करोड़ रुपये के नए शेयरों और 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश में विभाजित है। ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज 300 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी जबकि उसके प्रवर्तक एक करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। यह राशि राजस्थान और आंध्र प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना, विस्तार और कर्ज भुगतान में लगेगी। गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशियलिटी का आईपीओ 2.2 करोड़ शेयरों के नए इश्यू पर आधारित होगा। इससे जुटाई गई राशि अस्पताल अधिग्रहण, वडोदरा में नई इकाई और रोबोटिक उपकरणों की खरीद में इस्तेमाल होगी।



### वर्किंग कैपिटल के लिए इस्तेमाल होगी राशि

प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स की इकाई प्रेस्टीज हॉस्पिटैलिटी वेंचर्स 2,700 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आएगी। इसमें 1,700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल होगी। आनंद राठी ग्रुप की ब्रोकरेज इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये के फ्रेश इश्यू पर आधारित होगा। इससे जुटाए गए 550 करोड़ रुपये वर्किंग कैपिटल और सामान्य खर्चों के लिए इस्तेमाल होंगे।

### ब्लूस्टोन ज्वेलरी आईपीओ 11 अगस्त को खुलेगा

अपने प्रमुख ब्रांड 'ब्लूस्टोन' के तहत समकालीन आभूषण पेश करने वाली कंपनी, ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल ने अपने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए 492 रुपये से 517 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। एक बयान के अनुसार, कंपनी का आईपीओ 11 अगस्त से 13 अगस्त तक बिक्री के लिए खुला रहेगा। इस आईपीओ में 820 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 720.65 करोड़ रुपये मूल्य के 1,39,39,063 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## खबर संक्षेप

### एवरेडी का मुनाफा 3% बढ़कर 30 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** बैटरी एवं अन्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़कर 30.23 करोड़ रुपये रहा है। एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ने कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 29.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### पावर फाइनेंस के मुनाफे में 25 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 8,981 करोड़ रुपये रहा है। पीएफसी के एकीकृत शुद्ध लाभ में यह वृद्धि मुख्य रूप से उच्च शुद्ध ब्याज आय के कारण हुई है। पीएफसी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 7,182 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### सोने में 200 और चांदी में 500 रुपए का उछाल



**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की तरफ से लगातार खरीदारी किए जाने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले बाजार सत्र में 98,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### पीवीआर आईनॉक्स का घाटा कम होकर 54.5 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** मल्टीप्लेक्स कंपनी पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 54.5 करोड़ रुपये रह गया। अच्छी विषय-वस्तु वाली फिल्मों की वजह से दर्शकों की संख्या में वृद्धि और राजस्व में बढ़ोतरी के कारण कंपनी का घाटा कम हुआ। पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड ने शेयर बाजार यह जानकारी दी।

### पिडिलाइट का पहली तिमाही मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** फेविकॉल बनाने वाली कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18.7 प्रतिशत बढ़कर 678.13 करोड़ रुपये रहा है। पिडिलाइट इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 571.27 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

### ईआईडी पैरी का मुनाफा 464.46 करोड़ रुपए

**चेन्नई।** चीनी निर्माता- ईआईडी पैरी (इंडिया) लिमिटेड का अप्रैल-जून, 2025 तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 464.46 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। विविधीकृत समूह मुरुगप्पा समूह का हिस्सा, इस कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 225.87 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। ईआईडी पैरी (इंडिया) लिमिटेड ने यहां बयान में कहा कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में उसकी एकीकृत शुद्ध मुनाफा 1,772.54 करोड़ रुपये रहा है।

## आरबीआई प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा

# मृतकों के खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाएगा आरबीआई

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक मृतकों के बैंक खातों, लॉकर के दावों के निपटान के लिए प्रक्रिया को सुगम और मानकीकृत बनाएगा। इस पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के नामांकित व्यक्तियों के पक्ष में दावों के निपटान की प्रक्रिया को सरल बनाना है। मल्होत्रा ने कहा कि इसके अलावा, केंद्रीय बैंक, आरबीआई 'रिटेल-डायरेक्ट' मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बना रहा है ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से ट्रेजरी बिल (सरकारी प्रतिभूति) में निवेश कर सकें।

### 1949 के प्रावधानों के तहत नॉमिनी की सुविधा उपलब्ध

गवर्नर ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा, ''हम मृतकों के बैंक खातों और लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान की प्रक्रिया को मानकीकृत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। इससे निपटान अधिक सुविधाजनक और सुगम होने की उम्मीद है। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत, जमा खातों, लॉकर में रखी वस्तुओं के संबंध में 'नॉमिनी' की सुविधा उपलब्ध है।

*पहल का उद्देश्य मृत ग्राहकों के पक्ष में निपटान प्रक्रिया सरल बनाना*

*रिटेल-डायरेक्ट मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना*

### ग्राहकों की मृत्यु पर शीघ्र निपटान होगा

आरबीआई के विकासात्मक और नियामक नीतियों पर बयान के अनुसार, इसका उद्देश्य ग्राहक की मृत्यु होने पर दावों का शीघ्र निपटान या वस्तुओं की वापसी या सुरक्षित जमा लॉकर की सामग्री को वापस दिलाना तथा परिवार के सदस्यों को होने वाली कठिनाई को कम करना है।





*दावों के शीघ्र निपटान की सुविधा मिलेगी :* *मौजूदा निर्देशों के अनुसार, बैंकों को 'नॉमिनी' व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारियों के किए गए दावों के शीघ्र और परेशानी मुक्त निपटान की सुविधा के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभिन्न बैंकों में ये प्रक्रियाएं अलग-अलग होती हैं।*

*नॉमिनी के खाते व लॉकर के लिए सभी बैंकों की अपनी प्रक्रियाएं :* *वर्तमान में, मृतक के 'नॉमिनी' व्यक्ति द्वारा खाते और लॉकर से संबंधित दावों के संबंध में सभी बैंकों की अपनी प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं। इसी प्रकार, बिना 'नॉमिनी' वाले खातों के लिए बैंकों की प्रक्रियाओं में कुछ भिन्नता हो सकती है। इस कदम से प्रक्रिया मानकीकृत और सरल होगी। आरबीआई ने ट्रेजरी बिल (टी-बिल) में निवेश के संबंध में कहा कि इससे निवेशक अपने निवेश की व्यवस्थित योजना बना सकेंगे।*

### खुदरा निवेशकों को गिल्ट खाते खोलने की सुविधा मिलेगी

रिटेल डायरेक्ट में टी-बिलों के लिए एक स्वतः 'बिडिंग' सुविधा शुरू की गई है, जिसमें निवेश और पुनर्निवेश दोनों विकल्प शामिल हैं। इसने कहा कि इस सुविधा से निवेशकों को ट्रेजरी बिल की प्राथमिक नीलामी में बोलियां लगाने में मदद मिलेगी। 'रिटेल डायरेक्ट पोर्टल' नवंबर, 2021 में रिटेल डायरेक्ट योजना के तहत रिजर्व बैंक में खुदरा निवेशकों को अपने गिल्ट खाते खोलने की सुविधा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था।

### जल्द जारी किया जाएगा परिपत्र का मसौदा

आरबीआई के अनुसार, ''ग्राहक सेवा मानकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और बैंकों को प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को मानकीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में एक परिपत्र का मसौदा जल्द ही सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया जाएगा।''

# महिंद्रा 23,000 कर्मचारियों को 500 करोड़ रुपए के 'ईसॉप' देगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल के तहत महिंद्रा एंड महिंद्रा लगभग 23,000 कर्मचारियों के लिए एकमुश्त कर्मचारी शेयर स्वामित्व योजना (ईएसओपी) शुरू कर रही है। इनमें कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं।

यह योजना कंपनी की वृद्धि यात्रा में कर्मचारियों के योगदान के लिए उन्हें पुरस्कार देने को शुरू की जाएगा। महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) अनीश शाह ने यह जानकारी दी। शाह ने साक्षात्कार में बताया कि इस पहल में महिंद्रा की तीन प्रमुख अनुषंगी कंपनियां - महिंद्रा एंड महिंद्रा (वाहन और कृषि क्षेत्र), महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल और महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी शामिल हैं। यह अपनी तरह का शायद पहला उदाहरण है, जब किसी बड़े भारतीय समूह ने सभी कर्मचारियों को ईसॉप की सुविधा दी है। ये शेयर प्रतिबंधित शेयर इकाइयों (आरएसयू) के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे इस बात की बहुत खुशी है और मुझे हमारी कंपनी की संस्कृति पर बहुत गर्व है क्योंकि ये ईसॉप कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी के लिए हैं। यह वास्तव में कृतज्ञता का प्रतीक है, क्योंकि उनके प्रयासों से हमें बहुत अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली है।'




- उद्योग में अपनी तरह की पहली पहल
- कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल

### समूह का बाजार पूंजीकरण 12 गुना बढ़ा

शाह ने बताया कि इस विविधीकृत समूह का बाजार पूंजीकरण अप्रैल, 2020 से 12 गुना बढ़ा है, और समूह को लगा कि कर्मचारियों के योगदान को स्वीकार करना जरूरी है। समूह में कम से कम 12 महीने की सेवा वाले स्थायी पेरोल कर्मचारी ईसॉप पाने के पात्र होंगे।

# व्हाट्सएप का नया सुरक्षा फीचर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

त्वरित संदेश मंच व्हाट्सएप ने एक नया 'सेफ्टी ओवरव्यू' फीचर पेश किया है, जो उपयोगकर्ताओं को उन ग्रुप के बारे में सतर्क करेगा जिनमें उन्हें किसी अनजान व्यक्ति ने जोड़ा है। व्हाट्सएप ने एक बयान में कहा कि इस टूल के जरिये उपयोगकर्ता को संबंधित ग्रुप के बारे में अहम जानकारी और सुरक्षित बने रहने से जुड़े सुझाव भी मिलेंगे। बयान के मुताबिक, यदि उपयोगकर्ता चाहे तो वह अलर्ट मिलने के बाद उस ग्रुप को देखे बिना ही उससे अलग हो सकता है। इसके अलावा उपयोगकर्ता उस ग्रुप में बने रहने की जब तक खुद पुष्टि नहीं करेगा, उस ग्रुप को भी 'म्यूट' रखा जाएगा। इसके साथ ही व्हाट्सएप ने कहा कि वह उन मामलों में भी चेतावनी देने के उपाय खोज रहा है जब कोई उपयोगकर्ता अपनी संपर्क सूची से बाहर के किसी व्यक्ति के साथ बातचीत शुरू करता है।

- अनजान ग्रुप में जोड़ने पर करेगा आगाह

*धांधली के लिए चैटजीपीटी का उपयोग :* *इस नेटवर्क ने धांधली के लिए चैटजीपीटी से संदेश तैयार कर उपयोगकर्ताओं को व्हाट्सएप से टेलीग्राम पर भेजा, जहां उन्हें टिकटॉक वीडियो पर लाइक करने जैसे फर्जी काम दिए जाते थे और फिर क्रिप्टो निवेश के लिए पैसे मांगे जाते थे।*

## भारत फोर्ज के लाभ में 63 फीसदी की इजाफा




**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा कंपनी भारत फोर्ज का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 63 प्रतिशत बढ़कर 284 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 174 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। भारत फोर्ज ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि हालांकि, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 3,958 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,158 करोड़ रुपये थी।

# एनएसडीएल में सूचीबद्धता के दिन 17 प्रतिशत की तेजी

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) का शेयर बुधवार को अपनी बाजार सूचीबद्धता के दिन शानदार शुरुआत करते हुए निर्गम मूल्य के मुकाबले 17 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। बीएसई पर एनएसडीएल के कारोबार की शुरुआत 880 रुपये प्रति शेयर के भाव पर हुई, जो 800 रुपये के निर्गम मूल्य से 10 प्रतिशत अधिक है। कारोबार के दौरान एक समय यह 943.85 रुपये प्रति शेयर तक पहुंच गया, जो 18 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाता है। हालांकि कारोबार के अंत में एनएसडीएल का शेयर 17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 936 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

*41 गुना अधिक अभिदान मिला :* *इसके साथ ही कंपनी का कुल बाजार मूल्य 18,720 करोड़ रुपये रहा। एनएसडीएल के 4,011 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन 41 गुना अभिदान मिला था। इसका मूल्य दायरा 760-800 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।*

# स्थिर रेपो दर से बाजार को मिला सहारा, सेंसेक्स 166 अंक फिसला

- बाजार में शुरुआती तेजी कायम नहीं रह पाई
- आईटी और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में रही बिकवाली



एजेंसी ⏭ मुंबई

द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह पाई और बीएसई सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से लगातार दूसरे दिन बाजार नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 261.43 अंक तक गिर गया था।सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 शेयरों में 18 नुकसान में रहे जबकि 12 शेयरों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 110.35 अंक तक टूट गया था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका की चेतावनी से उपजे व्यापार तनावों के बावजूद घरेलू बाजार जुझारू बना रहा और निफ्टी 24,500 अंक के प्रमुख समर्थन स्तर के आसपास मजबूती से टिका रहा। हालांकि औषधि क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा और इस क्षेत्र पर शुल्क चेतावनियों का असर दिखा।''

### अल्ट्राटेक सीमेंट रहा नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मास्युटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईटीसी और एलएंडटी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### एसबीआई रहा लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

### ब्रिटानिया का क्षेत्रीय कंपनियों से मुकाबला

**नई दिल्ली।** बेकरी उत्पाद बनाने वाली दिग्गज कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा है कि वह कुछ इलाकों में क्षेत्रीय कंपनियों की चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये क्षेत्रीय कंपनियां आक्रामक मूल्य निर्धारण और वितरकों के लिए उच्च मार्जिन के साथ बड़े ब्रांडों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह 'छोटे क्षेत्रों में कई लड़ाइयां लड़ने' के लिए पूरी तरह तैयार है, और इसके लिए उसने एक विशेष कोष भी बनाया है। कंपनी ने हाल में जिंस मुद्रास्फीति के प्रभाव से बचने के लिए कीमतों में वृद्धि की है और अब वह 'अच्छी स्थिति' में है। ब्रिटानिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने बुधवार को वित्तीय नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि ब्रिटानिया छोटी कंपनियों के साथ मुकाबला करने के लिए कुछ खास क्षेत्रों में अतिरिक्त खर्च करने को भी तैयार है। बेरी ने कहा, ''हम अच्छी स्थिति में हैं। हमने अपने लिए एक विशेष कोष भी बनाया है, ताकि जरूरत पड़ने पर हम कुछ खास क्षेत्रों और राज्यों में विशिष्ट कंपनियों के खिलाफ खर्च कर सकें। इसलिए हम क्षेत्रीय स्तर पर कई लड़ाइयां लड़ने जा रहे हैं।'' ब्रिटानिया के पास मैरीगोल्ड, टाइगर, न्यूट्रीचॉइस और गुड डे जैसे लोकप्रिय घरेलू ब्रांड हैं।

## जैक मा की कंपनी ने समूची हिस्सेदारी बेच दी

# पेटीएम अब पूरी तरह से भारतीय कंपनी, चीनी स्वामित्व समाप्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का स्वामित्व अब पूरी तरह से भारतीयों के हाथ में है। करीब नौ साल पहले पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने साक्षात्कार में कंपनी के स्वामित्व ढांचे के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा था, '' हम मारुति जितने ही भारतीय हैं। यह कथन जिसे कभी प्रतीकात्मक माना जाता था, अब वास्तविकता को दर्शाता है जहां पेटीएम अब भावना और शेयरधारिता दोनों ही दृष्टि से पूरी तरह से भारतीय कंपनी बन गई है। उद्योगपति जैक मा की कंपनी एंट फाइनेंशियल ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी समूची 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3,980 करोड़ रुपये में बेच दी है। सौदे की रूपरेखा से अवगत एक व्यक्ति ने कहा, '' पेटीएम अब टाटा की तरह ही भारतीय है।'' यह परिवर्तन एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बी वी के हाल ही में बाहर निकलने के साथ आधिकारिक हो गया, जिसने एक थोक सौदे के माध्यम से पेटीएम में अपनी शेष 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 3,800 करोड़ रुपये में बेच दी। इसके साथ ही कंपनी में चीनी स्वामित्व शून्य हो गया है, जो इसकी शेयरधारिता में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। विजय शेखर शर्मा ने 2016 में भारत की विकास गाथा के प्रति पेटीएम की गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी।

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धिपत्र संख्या 31/2025
निविदा सं. 40252744 जिसके खुलने की तिथि 25/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/88/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी इसमें निम्न संशोधन किए गए है– Tender No. & short Description: 40252744 Description: वाल्व रेगुलेटेड लीड एसिड बैटरी Tender Opening Date: Existing Value: 70AH,110V, Valve Regulated Lead Acid% A0 (VRLA) Sealed Mantenance Free (SMF) battery (9 Nos x 12v) as per RDSO Spec No. RDSO / PE / SPEC / AC/0009-2014 (Rev 2), Modified Value: 70AH,110V,Valve regulated Lead Acid (VRLA) Sealed Maintenance Free (SMF) battery (9 Nos x 12V) as per RDSO Spec. No. RDSO/PE/SPEC/ AC/0009 2014 (Rev 2) अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. देखें।
(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

खंड - I
ई - निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन
कार्यालय वनमण्डल अधिकारी उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट मध्य प्रदेश

ई - निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/05/ई-टेंडरिंग/2025-26 बालाघाट, दिनांक 01-08-2025

1. वनमण्डल अधिकारी उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | IS Specification | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GALVANIZED STEEL BARBED WIRE TYPE A-1-THE BARBS SHALL HAVE FOUR POINTS ANDSHALL BE FORMED BY TWISTINGTWO POINT WIRES EACH TWO TURNS,TIGHTLY AROUND BOTH THE LINE WIRES MAKING ALL TOGETHER FOUR COMPLETE TURNS LINE WIRE 2.5MM, POINT WIRE 2.5 MM DISTANCE BETWEEN TWO BARBS 75 MM, CONFORMING TO IS- 278:2009 | IS 278:2009 | ₹ 135000/- | 2000/- Tax extra |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय बेवसाई www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 02-08-2025 बजे 10:00 PM से दिनांक 18-08-2025 बजे 11:00 AM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 13-08-2025 समय 02:00 PM को उप वनमण्डल कार्यालय उकवा (सा.) उप वनमण्डल बालाघाट में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है। 5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं। 6.ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट

G-16778/25

# निजी स्कूलों के विरोध के बीच बोले स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह, नियमों से कोई समझौता नहीं, पालन करना ही होगा, वरना मान्यता होगी रद्द

## बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी, क्योंकि हर जगह सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मान्यता नियमों को लेकर निजी स्कूलों के विरोध के बीच अब स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के एक बयान से हड़कंप मच गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने स्पष्ट किया है कि नियमों से कोई समझौता नहीं होगा। नियमों का पालन करना ही होगा, वरना मान्यता रद्द कर दी जाएगी। अगर स्कूल फिट नहीं हैं तो उनकी मान्यता रद्द की जा रही है। या तो नियमों का पालन होगा या फिर अव्यवस्था को मंजूरी देनी पड़ेगी और यह संभव नहीं। यह डॉ. मोहन यादव की सरकार है, यहां नियम-कायदों से ही चलना पड़ेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी बच्चे की पढ़ाई नहीं रुकेगी, क्योंकि हर जगह सरकारी स्कूल मौजूद हैं।

दरअसल, विधानसभा में मीडिया से चर्चा के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले कहा जाता था कि शिक्षा विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। अब जब हम ध्यान दे रहे हैं, तो सभी नियमों का पालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई स्कूल मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए। ऐसे मामलों में बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक साल की सशर्त मान्यता दी गई है। हमने कहा है कि आप एक साल में सभी मानक पूरे करें। लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अगले साल मान्यता नहीं मिलेगी। मंत्री ने कहा कि हम अतिरिक्त समय दे सकते हैं, लेकिन गलत तरीके से स्कूल संचालन की अनुमति नहीं देंगे।

**यह मोहन यादव की सरकार है, यहां नियम-कायदों से ही चलना पड़ेगाः मंत्री सिंह**

कई स्कूल मान्यता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए

ऐसे मामलों में बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक साल की सशर्त मान्यता दी गई




### 4,820 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया

प्राइवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच सहित अन्य निजी स्कूल संगठन नए नियमों का विरोध लगातार रहे हैं। इसको लेकर निजी स्कूल संचालक 74 बंगला स्थित शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन भी कर चुके हैं। मंच के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष तिवारी के मुताबिक, नए नियम अव्यवहारिक है। 4,820 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया। इससे करीब 60 हजार शिक्षक बेरोजगार हो सकते हैं और आरटीई के तहत पढ़ने वाले सवा लाख से ज्यादा गरीब बच्चों की पढ़ाई खतरे में है। संचालकों के अनुसार, सबसे बड़ी समस्या रजिस्टर्ड किरायानामा है। मकान मालिक इसके लिए तैयार नहीं हैं या फिर किराया और एडवांस बढ़ाने की शर्त रख रहे हैं। इसके अलावा, सुरक्षा निधि और भारी-भरकम मान्यता शुल्क ने भी छोटे स्कूलों की परेशानी बढ़ा दी है।

## राजनीति के पंडित थे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारका प्रसाद मिश्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व द्वारका प्रसाद मिश्र की जयंती पर मंगलवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में श्रद्धेय द्वारका प्रसाद मिश्र का योगदान सदैव याद किया जाएगा। उन्हें राजनीति का पंडित कहा जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री पंडित मिश्र ने तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के साथ अपने दल का नेतृत्व किया और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्रियों को पुष्पांजलि अर्पित करने की परंपरा शुरू करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर बधाई के पात्र हैं। इस परंपरा से प्रदेश की सेवा करने वाले तत्कालीन महापुरुषों के कल्याणकारी कार्यों को नमन किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंह सिंघार सहित उपस्थित मंत्री परिषद् के सदस्यों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।



## विधायक झूमा सोलंकी ने जनसंपर्क राशि लैप्स होने का मुद्दा उठाया, मामले में कार्य एवं शाखा प्रभारी इरशाद सुखी, सहायक ग्रेड 3 का निलंबन, कुछ को नोटिस





विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक झूमा सोलंकी ने उनके विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित जनसंपर्क की राशि के लैप्स होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क राशि लैप्स हो जाने में जिन लोगों की वास्तविक जवाबदारी है, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने पूछा कि अब वह राशि दोबारा मिल पाएगी या फिर नहीं मिलेगी। इस पर राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने जवाब में कहा कि मामले में कार्य एवं शाखा प्रभारी इरशाद सुखी, सहायक ग्रेड 3 का निलंबन हुआ था। तत्कालीन जिला योजना अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, जिला योजना अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी किया गया था। आगे भी जांच कर लेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्री को इस पर ध्यान देना चाहिए। किंतु इस पर वे ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में खरगोन के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग को भी घेरा। इस पर सारंग ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। इस मामले में विधायक से चर्चा कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

## ग्वालियर किला हमारा स्वाभिमान का प्रतीकः डॉ. पाण्डेय



जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने मंगलवार को विधानसभा में ग्वालियर किले और प्रदेश की अन्य ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन पर ध्यानाकर्षण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर किला केवल एक किला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। यदि इसे व्यावसायिक दृष्टि से होटल में बदला गया तो हमारी विरासत को क्षति पहुंचेगी। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इन ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से युवा अपने इतिहास को जानकर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने सरकार से प्रदेश के धरोहरों का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किए जाने का अनुरोध किया।

### *ग्वालियर किले में नहीं खुलेगा होटल*

*विधायक अभिलाष पांडे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि ग्वालियर किला प्रदेश की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है और उसकी ऐतिहासिकता को अक्षुण्ण बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में ग्वालियर किले में निजी होटल खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।*

## खनिज मद से मिलने वाली राशि पर सदन में कांग्रेस सदस्यों ने किया शोर-शराबा





विधानसभा में प्रश्नकाल में बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी की विधायक गंगा उईके ने खनिज मद से होने वाले विकास कार्यों का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि जिले को खनिज मद से किनी राशि मिली है और उससे किन क्षेत्रों में कितने के विकास कार्य कराए गए। उन्होंने 15 करोड़ रुपए से विकास कार्य कराने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद दिया। इस मुद्दे पर कांग्रेस सदस्यों ने शोर मचाया। कांग्रेस का कहना था कि इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किसे, कितनी राशि दी गई है। एमएसएमई मंत्री चेतन काश्यप ने कहा कि हल्ला करने की जरूरत नहीं है। बैतूल जिले को रायल्टी की 58 करोड़ रुपए की राशि मिलती है। इस राशि से विकास कार्य कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव आते ही विकास कार्य कराया जाएगा। दरअसल, घोड़ाडोंगरी से भाजपा विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने खनिज मद से आवंटित फंड के मामले में जानकारी मांगी थी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में 15 करोड़ रुपए से काम करने की भी जानकारी दी थी। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधायक के 15 करोड़ रुपए के काम से संबंधित मामले का जवाब दिया जाना चाहिए। इसके बाद सदन में शोर-शराबे की स्थिति बन गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि सवाल के जवाब में कहा गया है कि खनिज मद से कार्य किए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं है तो क्या डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड से राशि देने पर रोक लगा दी गई है, यह स्पष्ट किया जाए। जवाब में मंत्री काश्यप ने कहा कि डीएमएफ राशि जिले में अलग से खर्च की जाती है। रॉयल्टी की राशि राज्य स्तर पर आती है और राज्य के अंदर बजट के प्रावधान के अनुसार उसका वितरण होता है।

## कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने महिला एवं बाल विकास विभाग में पदोन्नति का मामला उठाया

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने महिला और बाल विकास विभाग में 15 साल से सहायक ग्रेड 3, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी परेशान हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झूठी व गलत जानकारी दी जा रही है। सहायक ग्रेड तीन के दो हजार कर्मचारियों को उनका लाभ नहीं मिल रहा है। जवाब में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जो जानकारी दी गई है, वही पूरी तरह से सही है। कोई भी झूठी जानकारी नहीं दी गई है। क्रमोन्नति की समस्त कार्रवाई जिला कार्यालय से की जाती है। इस ग्रेड के शत प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाते हैं। उन्होंने कहा कि वैसे भी अभी प्रमोशन पर कोर्ट से स्टे है। जब इस मामले में अंतिम निर्णय होने के बाद ही इस पर कुछ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विभाग में सहायक ग्रेड दो के कुल पदों की संख्या 384 है, इसमें से 257 पद रिक्त है। जबकि सहायक ग्रेड तीन में संधारण जिलो से होता है। उन्होंने कहा कि डिटल जानकारी सदस्य को पहले ही दिया जा चुका है।

## आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र के लोगों को बना रहे शिकार

# मानव तस्करी के छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



मानव तस्करी, विशेषकर आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में, सालों से राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। बेरोजगारी और बेहतर अवसरों की तलाश में होने वाला प्रवासन इस समस्या को और भी जटिल बना रहा है, जिससे तस्करों को अपना जाल फैलाने का मौका मिल रहा है। वे आदिवासी और पिछड़े क्षेत्र के लोगों को टारगेट कर रहे हैं।

राज्य में वर्ष 2023 से फरवरी 2025 तक मानव तस्करी के करीब 39 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें से कुल पीड़ितों की संख्या 66 है, जबकि मामले में 83 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मानव तस्करी से जुड़े जानकारों का कहना है कि सरगुजा, जशपुर, कोरबा, बलरामपुर और बस्तर जैसे सीमावर्ती जिलों में तस्करी की घटनाएं अधिक होती हैं। इन क्षेत्रों में बेरोजगारी और प्रवासन की प्रवृत्ति अधिक होने के कारण तस्कर आसानी से झांसे में लेने में सफल हो जाते हैं। इनमें से अधिकांश पीड़ित नाबालिग लड़कियां और महिलाएं हैं, जिन्हें बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में घरेलू काम, जबरन श्रम या यौन शोषण के लिए भेजा गया है।

### 63 हजार से अधिक लोगों ने किया प्रदेश से प्रवासन

कामकाज की तलाश में राज्य से बड़ी संख्या में लोग पलायन करते हैं। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक राज्य से 63 हजार से अधिक लोगों ने प्रवासन किया है। इनमें सबसे अधिक संख्या बलौदाबाजार जिले की है। यहां से करीब 13 हजार 200 लोग कामकाज की तलाश में अपना गांव छोड़कर अन्य राज्यों में गए हैं। ज्यादातर प्रवासन जशपुर, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायपुर, महासमुंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जैसे जिलों से होता है। पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग यूनिट की सक्रियता से कई मामलों में पीड़ितों की घर वापसी हुई है। कई आरोपितों की गिरफ्तारी भी हुई है, लेकिन आंकड़े यह भी बताते हैं कि मानव तस्करी का नेटवर्क अब भी जमीनी स्तर पर काफी मजबूत है और एजेंट आज भी गांवों में सक्रिय होकर यह काम कर रहे है।

## नक्सली ढेर, हथियार समेत शव बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में गंगालूर इलाके के जंगल में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के जवानों के बीच मुठभेड़ हो रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि बीजापुर के पश्चिमी डिवीजन क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी, जिसके बाद जवानों को नक्सल ऑपरेशन के लिए भेजा गया्र। जवानों और माओवादियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ चल रही है।

अब तक के ऑपरेशन में एक नक्सली ढेर हुआ है। मुठभेड़ स्थल से जवानों ने मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है। उसके साथ ही हथियार भी मिला है। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ अभी चल रही है इसलिए अभियान में शामिल जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती।

## एनटीपीसीः अचानक टूट गया प्लेटफॉर्म!

# 60 टन टैंक की चपेट में आकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



जिले के सीपत स्थित एनटीपीसी प्लांट में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यूनिट-5 में चल रहे एनुअल मेंटेनेंस के दौरान एयर प्री हीटर का प्लेटफॉर्म अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इसके नीचे 60 टन वजनी ऐश टैंक था, जो सीधे नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिर पड़ा।

हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान पोड़ी गांव निवासी घनश्याम साहू (27 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय यूनिट में बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे, जिनमें से कई अब भी मलबे के नीचे दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद एनटीपीसी प्रशासन, स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं। युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया। शाम तक कुल पांच मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला गया, जिनमें एक की मौत हो चुकी है। चार घायल मजदूरों में एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। इधर, जैसे ही हादसे की जानकारी ग्रामीणों को मिली, बड़ी संख्या में मजदूरों के परिजन और स्थानीय लोग एनटीपीसी गेट के बाहर जमा हो गए। परिजनों का आरोप है कि प्लांट प्रबंधन उन्हें किसी भी तरह की जानकारी नहीं दे रहा है। लोग रोते-बिलखते गेट के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। कई लोगों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया है, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई है। भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि घटना यूनिट-5 में हुई है, जहां मेंटेनेंस का काम चल रहा था। इसी दौरान एयर प्री फिल्टर का प्लेटफॉर्म अचानक टूटकर गिर गया। नीचे मौजूद मजदूर इसकी चपेट में आ गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। इस हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुछ सप्ताह पहले मुंगेली जिले के सरगांव में एक निर्माणाधीन स्टील प्लांट की चिमनी गिरने से भी कई मजदूरों की जान जा चुकी है। अब एनटीपीसी जैसे देश के बड़े और जिम्मेदार ऊर्जा संस्थान में इस तरह की दुर्घटना होना चिंता का विषय बन गया है। प्रबंधन और पुलिस दोनों ने जांच शुरू कर दी है।

## पांढुर्ना, मऊगंज में जिला भाजपा कार्यालयों के लिए मिलेगी जमीन, राज्य मंत्रिमंडल ने दी प्रस्तावों को मंजूरी, पीएमयू सेल गठित

# जबलपुर में बनेगा 100 बिस्तर का कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, सरकार देगी जमीन

### *मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने जबलपुर के रांझी तहसील में 100 बिस्तर वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल के लिए पांच एकड़ जमीन देने का निर्णय लिया है। इसके साथ प्रदेश के नवगठित जिलों मऊगंज और पांढुर्ना में भाजपा कार्यालय बनाए जाने के लिए भी जमीन देने का फैसला किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में मुरैना में 600 मेगावाट बिजली उत्पादन व भंडारण के मामले में सरकार की ओर से गारंटी दिए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।



### अधोसंरचना विकास के चौथे चरण को मंजूरी

विधानसभा परिसर में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सात पुलिस कर्मचारियों और पेंशन संबंधी मामलों पर भी चर्चा के बाद उस पर प्रस्ताव के मुताबिक मंजूरी देने का फैसला लिया गया। इसके साथ बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण को मंजूरी दी गई है। साथ ही सहकारिता आयुक्त और पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल में पीएमयू सेल के गठन को लेकर चर्चा के बाद मंजूरी दी गई।

## प्रदेश में चलेगा सोलर पंप स्थापित करने का सघन अभियानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में किसानों के खेतों पर कुसुम योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों का किसानों को लाभ दिलवाते हुए सोलर पंप स्थापना में पूर्ण सहयोग किया जाए। इसके लिए नवकरणीय ऊर्जा विभाग और सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय से कार्य कर लक्ष्य पूर्ण करें। डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री राकेश शुक्ला की उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस वर्ष सोलर पंप स्थापित करने का अभियान प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य की प्रगति की मुख्यमंत्री ने विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

### प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे 10 लाख सोलर पंप

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में आगामी वर्ष तक 10 लाख सोलर पंप स्थापित किए जाएंगे। चरणबद्ध रूप से यह कार्य किया जा रहा है। किसानों को खेतों में सोलर पंप की स्थापना से जहां सामान्य बिजली के उपयोग पर होने वाले अत्यधिक व्यय से मुक्ति मिलेगी वहीं इस नवाचार से अन्य किसान भी प्रेरित होंगे। यह कार्य प्रदेश में गति प्राप्त करेगा। इसके लिए किसानों में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएंगे। आने वाले समय में यह भी संभव होगा कि किसान उत्पादित ऊर्जा का विक्रय कर सकेंगे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## फूड प्रोसेसिंग में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर मध्य प्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाकर स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसी लक्ष्य की पूर्ति और प्रदेश के विकास के लिए राज्य सरकार ने सभी क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किए हैं। प्रदेश के औद्योगिकीकरण में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य की कृषि उत्पादकता अच्छी है और अब हम फूड प्रोसेसिंग में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर हैं। मंगलवार को राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्था में 'समृद्ध एफपीओ-आत्मनिर्भर किसान-विकसित भारत' संकल्प के अंतर्गत एफपीओ फेडरेशन मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'एफपीओ डायरेक्टर समिट-2025' को संबोधित कर रहे थे।



### *फूड प्रोसेसिंग 5 से बढ़ाकर 95 प्रतिशत करने का लक्ष्य*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने फूड प्रोसेसिंग को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 95 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों को फूड प्रोसेसिंग से जोड़ा जा रहा है। मालवा अंचल में आलू चिप्स निर्माण के लिए बड़ा उद्योग स्थापित किया जा रहा है। औद्योगिकरण में एफपीओ की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।*

## खबर संक्षेप



### सड़कों पर विचरण कर रहे गौवंश को बक्सवाहा नगर परिषद ने गौशाला में कराया शिफ्ट

बक्सवाहा

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में जनपद सीईओ और निकायों के सीएमओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 अगस्त तक पशुओं को गौशालाओं एवं गोठान निर्मित कर आवारा गौवंश को शिफ्ट कराएं। कलेक्टर के निर्देशन में सीएमओ नेहा शर्मा के मार्गदर्शन में नगर परिषद बक्सवाहा ने नगर के मुख्य मार्गों पर विचरण कर रहे आवारा गोवंश को हाका लगवाकर ग्राम पंचायत तेईयामार की श्री सेवागिरी महाराज गौशाला में शिफ्ट कराया। नगर की सडक़ों को आवारा पशुओं एवं गोवंश मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए ऐसी कार्यवाही आगे भी की जाएगी। यह कार्रवाई सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने की गई है। सीएमओ नेहा शर्मा ने पशु पालकों से अपील की है कि गौवंश को सेवाभाव से अपने पास रखे ताकि सडक़ पर विचरण कर रहे गौवंश को हादसों एवं राहगीरों को जनहानि से बचाया जा सके।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करने पहुंचे कलेक्टर

## वार्डवासियों ने रोड़ नाली की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

छतरपुर



पूरे जिले के साथ साथ प्रदेश में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है छतरपुर शहर में भी इस अभियान के तहत जगह जगह वृक्षारोपण हो रहा है। लेकिन बुधवार को इस अभियान के अंतर्गत वार्ड नबंर एक शारदा नगर कालोनी पंचवटी आश्रम बिलिया पुखरिया मौहल्ले में वृक्षारोपण का कार्यक्रम नगर पालिका के स्वामित्व की जमीन पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया सहित मीडिया की टीम पहुंची लेकिन वृक्षारोपण करने से पहले जैसे ही कलेक्टर पार्थ जैसवाल वार्ड नबंर एक में नगरपालिका के स्वामित्व बाली भूमि पर पौधारोपण करने पहुंचे बैसे ही मोहल्ले के लोगों ने कलेक्टर को घेर लिया और रोड़ नाली व पेयजल की समस्या को लेकर एक ज्ञापन दिया। वार्डवासियों ने बताया कि सबसे अधिक रोड़ और नाली की समस्या की है रोड़ नाली न होने के कारण पूरी कालोनी में दलदल मचा हुआ है। उनके इस कार्यक्रम के पहले नगरपालिका द्वारा जगह जगह रोड़ में गिटटी का भराव तो किया गया लेकिन रोड़ सही नही हो पाया जिस कारण कार्यक्रम में पहुंचने बाले लोगों को भी बाहन ले जाने में दिक्क्तों का सामना करना पड़ा डिजीटल कॉलेज के आगे वार्ड नबंर 1 की सभी सड़के दलदल में तब्दील है यहां के रहवासी नारकीय जीवन जी रहें है। लोगों में नगरपालिका के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला कलेक्टर ने इन वार्डवासियों का ज्ञापन लेकर उन्हें आश्वासन दिया की नगर पालिका से प्रस्ताव मगाकर रोड़ नाली का कार्य स्वीकृत किया जाएगा और जल्द ही रोड़ नाली का कार्य शुरू होगा। आपकों बात दे कि इस वार्ड के पार्षद अरविन्द गोस्वामी कि पत्नी आस्था कांग्रेसी है। जिससे वार्ड में विकास कार्यो का भेदभाव झलक रहा है। वार्ड वासियों का आरोप है कि कांग्रेसी पार्षद होने के कारण नगरपालिका विकास कार्य नहीं करा पा रही है। जिसका खामियाजा लोगों को भोगना पड़ रहा है।

### दलदल में फंसी पुलिस अधीक्षक की कार



इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन भी पहुंचे हुए थे। वृक्षारोपण कार्यक्रम के उपरांत जैसे ही पुलिस अधीक्षक के डाईवर ने उनकी गाड़ी को निकालना चाहा तो उनकी गाड़ी दलदल में फस गई डाईवर ने काफी प्रयास किया लेकिन गाड़ी नही निकली जिस कारण मोहल्ले के लोगों को गाड़ी निकल वाने में मदद करनी पड़ी मोहल्ले के लोगों ने जब पीछे से गाड़ी में धक्का लगाया तब कहीं गाड़ी कीचड़ से निकल पाई फिर लोग यही कहतें रहे कि यह है भाजपा शासन का विकास।

### वार्ड पार्षद को नहीं पता था कार्यक्रम

इस दौरान वार्ड पार्षद पति अरबिंद गोस्वामी ने नगरपालिका अध्यक्ष और सीएमओ को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मेरे वार्ड में वृक्षारोपण का कार्यक्रम था और मुझे कोई सूचना नगरपालिका द्वारा नही दी गई। इस कार्यक्रम के बारे में मुझे जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से पता चली। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद की उपेक्षा किये जाने से पार्षद में रोष भी देखा गया।

### नगर वन मे 11 हजार पौधों का लक्ष्य

नगर पालिका और जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में करीब 11 हजार पौधो को रोपने का लक्ष्य रखा गया है। जिस स्थान पर नगर पालिका द्वारा पौध रोपित कराए जा रहें है उस स्थान को नगर वन का नाम दिया गया है और यहां आम, नीबू, जामुन, अमरूद, कटहल इत्यादि के पौधो का रोपण किया जा रहा है।

# छतरपुर पुलिस ने अंतर्राज्यीय पशु चोरी गिरोह का किया भंडाफोड़

## मास्टरमाइंड मुजाम खान समेत 5 गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद





**छतरपुर।** जिले की पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतर्राज्यीय पशु चोरी गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में गिरोह के मास्टरमाइंड मुजाम खान समेत कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक अवैध 315 बोर कट्टा, एक अर्टिगा कार और एक पिकअप वाहन भी जब्त किया है। यह गिरोह छतरपुर सहित मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में सक्रिय था और अब तक करीब दो दर्जन से अधिक पशु चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पुलिस कंट्रोल रूम में पशु चोरी गिरोह का भण्डाफोड़ किया है।

गिरोह के सदस्य पहले अर्टिगा कार से गांवों में रैकी करते थे। चोरी की रात ये लोग नंबर प्लेट बदलकर पिकअप वाहन से पहुंचते और भैंसों को चुपचाप चुरा ले जाते। जिन वाहनों का उपयोग किया गया, उनमें एक पिकअप वाहन पहले भी जिला सागर में पशु चोरी के मामले में जब्त किया गया था। सुपुर्दगी के बाद गिरोह ने उसी वाहन का पुनः इस्तेमाल कर वारदातों को अंजाम दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में निजाम खान उर्फ मुजाम खान, निवासी ग्राम अजनारी, थाना कोतवाली उरई, जिला जालौन - गिरोह का मास्टरमाइंड, जो हत्या के प्रयास, अवैध हथियार, चोरी और एनडीपीएस जैसे 10 से अधिक संगीन मामलों में संलिप्त रहा है। वह पूर्व में उत्तर प्रदेश पुलिस से मुठभेड़ में घायल भी हो चुका है। शिशुबिन्द्र सिंह उर्फ गोपाला यादव, निवासी ग्राम हरारा, थाना भोगनीपुर, जिला कानपुर देहात, जीतू सिंह यादव, निवासी ग्राम कमलपुर, थाना राजपुर, जिला कानपुर देहात, बिक्रम उर्फ राहुल अहिरवार, निवासी ग्राम कोटरा, थाना कोटरा, जिला जालौन, मानवेन्द्र यादव उर्फ अंकुश यादव, निवासी ग्राम ऐट, थाना ऐट, जिला जालौन शामिल है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने छतरपुर, टीकमगढ़, सागर, दमोह, दतिया और झांसी जिलों में 24 से अधिक पशु चोरी की घटनाएं कबूल की हैं।

इस गिरोह पर भारतीय न्याय संहिता की नवीन संगठित अपराध धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है, जिससे इनके खिलाफ कठोर कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल संभव हो सकेगा। साथ ही, अन्य जिलों की पुलिस से भी संपर्क कर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### खुलासे में पुलिस टीम की बड़ी भूमिका

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने किया। कार्रवाई में विभिन्न थाना प्रभारियों और सायबर सेल की सक्रिय भूमिका रही। इस टीम में निरीक्षक अरविंद दांगी, वाल्मीकि चौबे, उप निरीक्षक डीडी शाक्य, अजय शाक्य, धर्मेंद्र रोहित, अतुल झा, राहुल तिवारी, नेहा गुर्जर सहित प्रधान आरक्षक हितेंद्र, राजेश यादव, आरक्षक नरेश सिंह, नित्य प्रकाश, रामनरेश, शिव सिंह आदि शामिल रहे।

## डीएफओ ने मृतक मिजाजी लाल रैकवार की पत्नी को स्वीकृत की 8 लाख रुपए की सहायता राशि

### मगरमच्छ द्वारा हमला करने से हुई थी दुःखद मृत्यु

*छतरपुर। वनमंडलाधिकारी सा. वनमण्डल छतरपुर सर्वेश सोनवानी ने नदी किनारे मगरमच्छ द्वारा हमले से एक व्यक्ति की दुःखद मृत्यु होने पर सहायता राशि स्वीकृत की है। 19 जुलाई 2025 को ग्राम भियांताल पोस्ट एवं थाना चन्द्रनगर तहसील राजनगर जिला छतरपुर के निवासी स्व. मिजाजी लाल रैकवार की ग्राम धमना में केन नदी के किनारे मगरमच्छ द्वारा हमला किए जाने से हुई मृत्यु के फलस्वरूप उनकी पत्नि पाना रैकवार को मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग के आदेश 10 दिसंबर 2022 के परिपालन में जनहानि के लिए स्वीकृत क्षतिपूर्ति राशि 8 लाख रुपए की राशि का भुगतान 6 अगस्त 2025 को वनमण्डलाधिकारी छतरपुर द्वारा संबंधित के बैंक खाता में किया गया है।*

## तहसीलदार-नायब तहसीलदारों की क्रमिक हड़ताल शुरू, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

छतरपुर।




जिले में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर क्रमिक हड़ताल शुरू कर दी है। बुधवार को जिलेभर के राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

हड़ताल कर रहे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों को छोड़कर अब वे किसी भी प्रकार का राजस्व कार्य नहीं करेंगे। तहसीलदार आलोक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हड़ताल मप्र कनिष्ठ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की छतरपुर इकाई के नेतृत्व में की जा रही है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा न्यायिक और गैर न्यायिक कार्यों को अलग-अलग करने की प्रक्रिया चलाई जा रही है, जिसका विरोध किया जा रहा है। कुछ अधिकारियों को केवल न्यायिक तो कुछ को गैर न्यायिक कार्यों तक सीमित किया जा रहा है, जिससे अधिकारियों में असंतोष व्याप्त है। इस अवसर पर तहसीलदार अभिनव शर्मा, आलोक जैन, आदित्य सोनकिया सहित जिले के अन्य तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि संघ के निर्देशानुसार आगामी दिनों में हड़ताल को जारी रखा जाएगा और नियमित कार्यों से दूरी बनाई जाएगी।

# राजस्व एवं वन विभाग पट्टों का संयुक्त सीमांकन कराएं: कलेक्टर



**छतरपुर।** बुधवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी अगम जैन, डीएफओ सर्वेश सोनवानी, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एजेण्डावार जल निगम, खनिज विभाग, एन.एच.ए.आई, एम.पी.बी.डी.सी., पी.आई.यू., पी.डब्ल्यू.डी, एन.एच. एवं एम.पी.आर.डी.सी के भूमि अर्जन एवं भूमि आबंटन तथा वन विभाग से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने एसडीएम एवं एसडीओ फॉरेस्ट को पैतृक भूमि का जबरन कब्जे के संबंध में शिकायत में जिसमें वन की जमीन पर सही या गलत तरीके से यदि पट्टे बांटे गए हैं, इसके लिए संयुक्त सीमांकन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां अनियमित पट्टे बांटे गए हैं, उनमें सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार ही कार्यवाही करें और जो भी पट्टे गलत हैं उन्हें निरस्त कर अतिक्रमण की कार्यवाही करें।

एसपी श्री जैन ने कहा खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन एवं अतिक्रमण की रोकथाम के लिए वन क्षेत्र अंतर्गत अवैध रेत उत्खनन, अवैध परिवहन पर नियंत्रण एवं अतिक्रमण बेदखली के दौरान खनन माफिया तथा अतिक्रमणकारियों द्वारा आक्रमण की पूर्ण संभावना रहती है। ऐसी स्थिति में कार्यवाही के शासकीय अधिकारियों की सुरक्षा के दौरान पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहेगा।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत समिति ने सीएम राइज स्कूल में किया वक्षारोपण



**नौगांव ।** बुंदेलखंड जनकल्याण समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चलाई जा रही अनूठी पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को शहर के सीएम राइज स्कूल में वृक्षारोपण किया। इस दौरान समिति द्वारा स्कूल परिसर में फल एवं छायादार 11 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम समाजसेवी राहुल साहू की अगुवाई में समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों एवं स्कूल के छात्र छात्राएं की उपस्थिति में वृक्षारोपण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल वाईस प्रिंसिपल गोपाल शुक्ला, छतरपुर प्रिंसिपल राजकुमार शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया,जेपी अहिरवार, के.एल. प्रजापति, अजय कुमार तिवारी, इंद्र प्रताप सिंह गौर, आशाराम अहिरवार, सोनाकिया,मातादीन साहू, डॉ. अंचल सेन, शंकर साहू, शिवांशु साहू, सुरेंद्र खरे,विजय दुवेदी,शुभम साहू,चंदू साहू , शिवम साहू, राजेश साहू, दीप साहू सहित समिति सदस्य एवं स्कूल के छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सीएम राइज विद्यालय के वाईस प्रिंसिपल ने बुंदेलखंड जनकल्याण समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए इस प्रकार के प्रयास प्रेरणादायक हैं। गौरतलब है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से बुंदेलखंड जनकल्याण समिति द्वारा शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों में वृक्षारोपण कराया जा रहा है।

# एसडीओपी ने पुलिस बल और धाम समिति के साथ किया होटल, होम स्टे का निरीक्षण

### संचालकों को नोटिस जारी, रजिस्टर के रखरखाव और हर रोज की जानकारी देने के निर्देश



*छतरपुर।* सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो और आसामाजिक तत्व यहां रहकर कोई गतिविधि न करें इसके लिए प्रशासन अब शख्त हो गया है। बीती शाम बागेश्वर धाम समिति और बमीठा पुलिस के साथ खजुराहो एसडीओपी ने धाम स्थित होटल, होमस्टे एवं ढावों का निरीक्षण किया। सभी संचालकों को नोटिस देकर निर्देशित कि वह कर्मचारी की नियुक्ति के संबंध में जानकारी दें तथा हर रोज रुकने वालों के संबंध में चौकी में जानकारी दें।

जानकारी के मुताबिक बीती शाम खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल ने बमीठा थाना प्रभारी एवं पुलिस बल सहित बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के सदस्यों के साथ धाम में स्थित होटल, ढावों एवं होमस्टे का निरीक्षण किया। श्री बघेल ने होटल के रूम रजिस्टर से यात्रियों की आईडी का मिलान एवं आवक जावक रजिस्टर तथा कमरों में ठहरे यात्रियों के संबंध में सत्यापन किया। ज्यादातर होटल में कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन न मिलने पर एसडीओपी ने मैनेजर को नोटिस देते हुए सभी कर्मचारियों का थाने में सत्यापन कराने के निर्देश दिए। एसडीओपी ने यह भी निर्देश दिए कि उनके यहां रुकने वाले लोगों की हर रोज जानकारी बागेश्वर धाम चौकी में जमा कराएं। ठहरने वाले यात्री की संपूर्ण जानकारी रजिस्टर में दर्ज होनी चाहिए। सीसीटीवी कैमरा को चालू रखना, रात में विद्युत की समुचित व्यवस्था करने तथा उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाते हुए डाटा बैकअप के लिए अधिक क्षमता वाली हार्ड डिस्क स्थापित करने पर बल दिया। इसके पीछे यह वजह है कि दो से तीन महीने का डाटा संग्रहित हो सके। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी के अलावा और बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय, धाम समिति के नीशु नायक, बागेश्वर धाम चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सिद्धार्थ शर्मा उपस्थित रहे।

# नौगांव पुलिस ने बाईक चोरी का किया पर्दाफाश चार आरोपी गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद



**छतरपुर।** थाना नौगांव पुलिस ने क्षेत्र में हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों की कुल कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन ने बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि थाना नौगांव क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों— जनपद पंचायत पार्किंग के पास, दूल्हा देव मंदिर के समीप एवं परम कॉलोनी नौगांव से मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्टें दर्ज की गई थीं। इन तीनों घटनाओं को लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 379 के तहत प्रथक-प्रथक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए थे।

### जांच में ऐसे हुआ खुलासा

थाना नौगांव पुलिस टीम ने घटनास्थलों का गहन निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी एकत्र की। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनकी पहचान इस प्रकार है रघुवीर राजपूत पिता श्याम सुंदर राजपूत, निवासी ग्राम आतेरिया बाजार, थाना जरिया, हाल निवास ग्राम सिगौन, थाना अजनर, जिला महोबा (उ.प्र.), सत्यम विश्वकर्मा पिता माधव प्रसाद विश्वकर्मा, निवासी ग्राम सिगौन, थाना अजनर, जिला महोबा (उ.प्र.), अजय जोशी पिता मुन्नालाल जोशी, निवासी ग्राम सिगौन, थाना अजनर, जिला महोबा (उ.प्र.), एक विधि विरुद्ध किशोर, जिसका नाम कानूनन गोपनीय रखा गया है। आरोपियों ने पूछताछ में चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। उन्होंने तीनों स्थानों से मोटरसाइकिलों के लॉक तोड़कर वाहन चोरी करना कबूला। पुलिस ने उनके पास से तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 1.5 लाख रुपये है। गिरफ्तार तीनों बालिग आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जबकि विधि विरुद्ध किशोर को बाल न्यायालय में पेश किया गया।

### पुलिस टीम की भूमिका सराहनीय

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह, थाना प्रभारी अलीपुरा उप निरीक्षक डीडी शाक्य, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नेहा सिंह गुर्जर, आरक्षक राजीव धर्मराज समेत पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना ने ग्राम मेहदेहिया में लगाया निः शुल्क पोषण शिविर



**सिगरौली।** बुधवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम पंचायत मेहदेहिया मे निःशुल्क पोषण शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान आंगनबाड़ी के माध्यम से गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार गुड़, दलिया, मूंगफली, प्रोटीन पाउडर एवं सेरेलेक पाउडर इत्यादि का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 76 महिलाएं एवं बच्चे लाभान्वित हुए ।इस कार्यक्रम में परियोजना नोडल अधिकारी (सीएसआर) , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्थानीय सरपंच उपस्थित रहे ।गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय समय पर पोषण शिविर, शिक्षा , स्वास्थ्य , कौशल विकास , महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

# रक्षा बंधन की खरीदारी करने आई महिलाओं के बैग से रूपयों की चोरी, दो महिला चोर पकड़ी गईं



**छतरपुर।** रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बाजारों में खरीदारी जोरों पर है, इसी बीच चौक बाजार क्षेत्र में चोर सक्रिय हो गए हैं। सोमवार को हुई दो अलग-अलग घटनाओं में महिला खरीदारों के बैग से नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। पहली घटना में सिचाई कॉलोनी निवासी वंदना तिवारी अपनी परिचिता प्रीति पटेरिया के साथ चौक बाजार खरीदारी करने आई थीं। भीड़भाड़ के दौरान प्रीति पटेरिया के बैग से 1200 रुपये चोरी हो गए। वहीं दूसरी घटना चेतगिरी कॉलोनी की छाया साहू के साथ हुई, जो अपनी बेटी के साथ राखी की खरीदारी करने बाजार आई थीं। शॉपिंग के दौरान छाया साहू के बैग से 3200 रुपये चोरी हो गए। संदेह होने पर उन्होंने चौकसी दिखाई और पीछा करते हुए बालाजी मंदिर के पास दो महिला चोरों को पकड़ लिया। सूझबूझ और हिम्मत दिखाते हुए मां-बेटी ने दोनों महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि चोर महिलाओं का यह गिरोह तीन सदस्यों का है, जिनमें से एक महिला मौके से भागने में सफल रही। पुलिस द्वारा पकड़ी गई दोनों महिलाओं से पूछताछ जारी है, वहीं तीसरी फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। बाजार में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है।

खबर संक्षेप

## हर घर तिरंगा अभियान को जनआंदोलन बनायें: उप मुख्यमंत्री

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि हम सबका सौभाग्य है कि हम भारत माता की सेवा कर रहे हैं, और इस सेवा का सबसे बड़ा प्रतीक है हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू किए गए 'हर घर तिरंगा' अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बाँधने का काम किया है। इस वर्ष भी 2 से 15 अगस्त तक हम सब मिलकर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और इस अभियान को जनआंदोलन बनाएँ। तिरंगे के साथ सेल्फी लें और harghartiranga.com पर अपलोड करें। यह सिर्फ एक भागीदारी नहीं, बल्कि माँ भारती के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प है। हर घर पर तिरंगा लगाना, राष्ट्र के प्रति हमारी एकजुटता, निष्ठा और प्रेम की अभिव्यक्ति है। इस राष्ट्रीय पर्व पर हम सभी अपने घरों पर तिरंगा लगाएं, दूसरों को भी प्रेरित करें और इस महाअभियान को पूरे प्रदेश और देश में फैलाएं।

## सर्पदंश से घबराएं नहीं एक घंटे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं

**रीवा ।** वर्तमान में बारिश होने के साथ वातावरण में लगातार तापमान अधिक रहता है। साँप तथा अन्य जीव-जंतुओं के छिपने के स्थानों में पानी भर जाने के कारण उनका सतह पर विचरण शुरू हो जाता है। इसलिए बारिश में साँप एवं अन्य जहरीले जंतुओं के काटने की घटनाएं होती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने आमजनता को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार की सलाह दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि विन्ध्य क्षेत्र में प्रमुख रूप से तीन जहरीले सांपों, करैत, रसेल वाइपर तथा कोबरा के काटने के कारण मौत की घटनाएं होती हैं। साँप काटने के बाद एक घण्टे की अवधि में सही उपचार होने पर पीड़ति की जान आसानी से बचाई जा सकती है। साँप काटने के तत्काल बाद निकट के अस्पताल जाकर एक घण्टे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं। यह इंजेक्शन रीवा जिले के सभी विकासखण्डों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध है। समय पर इंजेक्शन लगने पर जान का खतरा समाप्त हो जाता है। डॉ शुक्ला ने कहा है कि साँप काटने के स्थान पर तीखी जलन होती है। पीड़ति को अवसाद, उल्टी आना, लकवा तथा आँख की पुतलियों के फैल जाने के लक्षण दिखाई देते हैं। विष का प्रकोप होने के बाद पीड़ति में माँसपेसियों में ऐंठन और चेतनाहीनता हो जाती है। इसके बाद साँस रूकने से मौत हो जाती है। विष का सर्वाधिक असर तंत्रिका तंत्र और साँस लेने में होता है। कई बार साँप के काटने के स्थान पर सूजन आ जाती है तथा काटा हुआ स्थान काला पड़ जाता है। साँप काटने के बाद हाथ पैरों में झनझनाहट, चक्कर आना, पसीना छूटना, दम घुटना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। सर्पदंश के बाद तत्काल अस्पताल जाकर पीड़ति का उपचार कराएं। झोलाछाप डाक्टरों तथा झाड़फूक करने वालों के चक्कर में पड़कर समय न गवाएं। काटने के स्थान पर चीरा भी न लगाएं इससे संक्रमण का खतरा रहता है। डॉ शुक्ला ने कहा है कि सर्पदंश तथा अन्य जहरीले कीड़ों के काटने से बचने के लिए कुएं, अंधेरे गड्ढे, झाड़ियों आदि में हाथ न डालें। घर से बाहर निकलते समय जूते अवश्य पहनें।

# रीवा को मिलेंगे 26 नए फास्ट रिस्पॉन्स व्हीकल, 15 अगस्त से लागू
# डायल 100 का नंबर अब 112 होगा, जिले में होंगे पहले से 4 वाहन ज्यादा

रीवा।




आपात स्थिति में पुलिस सहायता अब पहले से अधिक तेज़ और प्रभावी होगी। प्रदेश में पुलिस रिस्पॉन्स सिस्टम को आधुनिक और सशक्त बनाने के तहत रीवा जिले को 26 नए फास्ट रिस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी ) मिलेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त से डायल 112 सेवा की शुरुआत की जा रही है, जो डायल 100 की जगह लेगी। रीवा को फिलहाल 22 एफआरवी वाहन आवंटित थे, लेकिन नई व्यवस्था के तहत यह संख्या बढ़ाकर 26 कर दी गई है। इससे न केवल पुलिस की पहुंच तेजी से सुनिश्चित होगी बल्कि ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में भी सेवा का विस्तार होगा बता दे डायल 100 में प्रयुक्त हो रहे अधिकांश वाहन तकनीकी रूप से पुराने और क्षतिग्रस्त हो चुके थे। इनकी गति सीमित होने के कारण अपराधियों का पीछा करना मुश्किल हो जाता था। परिणामस्वरूप अपराध स्थलों तक पुलिस की पहुंच में देरी हो रही थी, जिसका फायदा असामाजिक तत्व उठा रहे थे। अब नई एफआरवी के आने से न केवल वाहन अत्याधुनिक होंगे बल्कि रफ्तार और भरोसेमंद तकनीक के साथ रिस्पॉन्स टाइम भी कम होगा। नई एफआरवी व्यवस्था का लाभ शहरी ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों को भी मिलेगा। शहर के अमहिया व ग्रामीण के सगरा, चोरहटा (नौबस्ता), मनगवां (मनिकवार चौकी) के साथ-साथ मऊगंज जिले के हनुमना थाना अंतर्गत हाटा चौकी को भी नए वाहन मिलेंगे। हर इलाके की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए वहां के लिए उपयुक्त वाहन भेजे जाएंगे। इससे पुलिस की पहुंच और निगरानी प्रणाली और बेहतर होगी।बॉक्स चार शिफ्ट में तैनात होंगे पायलट, भर्ती प्रक्रिया जारीनए वाहनों के साथ ही पुलिस विभाग ने चार शिफ्ट में ड्यूटी संचालन की योजना बनाई है, जिससे 24 घंटे निर्बाध सेवा मिल सके। वर्तमान में तीन शिफ्टों में ड्यूटी दी जा रही है, लेकिन नई प्रणाली लागू होते ही चौथी शिफ्ट भी जोड़ दी जाएगी। इसके लिए पायलटों की संख्या बढ़ाई जा रही है और नई भर्ती प्रक्रिया तेज़ी से चल रही है,हालांकि पुराने पायलटों को भी सेवाओं से हटाया नहीं जाएगा। दसवीं उत्तीर्ण सभी पुराने पायलटों को प्राथमिकता दी जा रही है। वर्तमान में रीवा में 81 पायलट कार्यरत हैं, जिनमें से 68 दसवीं पास हैं।बॉक्स सुविधाओं से लैस होंगे वाहन, फोल्डिंग स्ट्रेचर भी रहेगा उपलब्धनए एफआरवी वाहन केवल पुलिसिंग के लिए नहीं, बल्कि आपातकालीन चिकित्सा सहायता में भी कारगर साबित होंगे। इनमें फोल्डिंग स्ट्रेचर, प्राथमिक चिकित्सा किट सहित अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहेंगे। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को अस्पताल तक पहुंचाने में ये वाहन सहायता करेंगे।बॉक्स रीवा में चल रही 9 जिलों की ट्रेनिंगडायल 112 सेवा को लेकर रीवा पुलिस कंट्रोल रूम में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें रीवा और शहडोल संभाग के कुल 9 जिलों के पुलिसकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। ट्रेनिंग के दौरान नए सिस्टम के संचालन, एफआरवी संचालन, कंट्रोल रूम से संवाद और त्वरित कार्रवाई के गुर सिखाए जा रहे हैं।बॉक्स डायल 100 की जगह लेगा डायल 112पुलिस विभाग द्वारा तय किया गया है कि अब आपात स्थिति में सहायता के लिए नागरिकों को डायल 112 पर कॉल करना होगा। यह सेवा राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम के तहत संचालित होगी और इसमें पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस तीनों सेवाएं समाहित रहेंगी।

## रीवा प्रयागराज मार्ग पर अवैधानिक रूप से खड़े ट्रकों पर परिवहन विभाग की चालानी कार्यवाही



रीवा

प्रयागराज मार्ग पर सड़क किनारे अवैधानिक रूप से खड़े ट्रकों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। इस मार्ग पर अवैध रूप से पार्क किए गए भारी वाहनों के कारण यातायात व्यवधान और सड़क हादसों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए, परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा ने विशेष अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की है।रीवा आरटीओ के अधिकारियों ने बताया कि रतहरा,मनगवा कटरा सोहागी जैसे व्यस्त क्षेत्रों में ट्रकों और भारी वाहनों का सड़क किनारे अवैध पार्किंग न केवल यातायात को बाधित करता है, बल्कि हादसों का कारण भी बनता है। इस अभियान के तहत, नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रक चालकों पर जुर्माना लगाया गया और कई वाहनों को जब्त किया गया।स्थानीय रहवासियों ने बताया की , ₹सड़क किनारे खड़े ट्रकों की वजह से आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। यात्रा करना आसान और सुरक्षित होगा। परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने आरटीओ रीवा के निर्देशन में यह चालानी कार्रवाई की।

## राजस्व वसूली में लापरवाही पर निगम ने कसा शिकंजा, टायर फैक्ट्री समेत कई दुकानें सील



**रीवा।** नगर निगम ने राजस्व वसूली को लेकर एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। नगर निगम आयुक्त के निर्देश के बाद राजस्व टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े बकायादारों के खिलाफ तालाबंदी की कार्रवाई की गई। वार्ड छह में स्थित अनंत प्यारी टंडन के स्वामित्व के भवन का टैक्स जमा नहीं होने पर भवन को सील कर दिया गया। इसी तरह चार के ट्रांसपोटज नगर में रमेश श्रीवास्तव की टायर फैक्ट्री को भी बकाया राशि न चुकाने पर बंद किया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड छह में नसीम की दुकान को भी बकाया कर न जमा करने के के कारण तालाबंदी की गई। निगम आयुक्त डॉ. सोनवणे ने स्पष्ट किया कि जो भी बड़े बकायादार समय पर करों का भुगतान नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी, विष्णु लखेरा, सुधांशु विश्वकर्मा, सादिक खान, आयुष पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे।

## राजापुर पुल पर ऑटो चालक सहित तीन युवकों पर जानलेवा हमला चाकू से किए वार, सोहागी पुलिस ने शुरू की आरोपियों की तलाश

रीवा।

जिले के सोहागी थाना क्षेत्र में राजापुर पुल में मंगलवार की शाम आटो चालक सहित तीन युवाओं पर 4 से 5 की संख्या में आए आरोपियों ने मारपीअ कर चाकू से हमला किया। घटना में घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।



सूचना के बाद सोहागी थाना प्रभारी सहित पुलिस बल अस्पताल पहुंचा और घायलों से घटना की जानकारी ली। घायलों द्वारा बताई गई जानकारी के बाद पुलिस घटना में शामिल आरोपियों की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि जवा क्षेत्र से आए आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते आटो चालक सहित उसके दो साथियों के ऊपर हमला कर दिया। घटना में तीनों युवक लहूलुहान हो गए वहीं मारपीट की घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पूरी घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला सहित पुलिस टीम ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने घायलों से आरोपियों के संबंध में जानकारी ली है, बताया जा रहा है कि मारपीट करने वाले आरोपियों का घायलों से पुराना विवाद था, जिसके बाद यह पूरी घटना हुई है। सोहागी पुलिस मामला पंजीबद्ध कर अब आरोपियों की तलाश सरगर्मी से कर रही है। बॉक्स पुराने विवाद में हमले की आशंका प्रारंभिक जांच में पीड़ित द्वारा विवाद के कारणों का खुलासा नहीं किया है। आशंका जताई जा रही है कि युवक से आरोपियों का पहले विवाद हुआ होगा जिसका बदला लेने के लिए घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों को पकडने का प्रयास कर रही है।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर आरटीओ की कार्रवाई

### 56 मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित

**रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में गठित जिला सड़क सुरक्षा समिति के निर्देश पर जिले में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर लगाम कसने के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) द्वारा सख्त कदम उठाया गया है। हाल ही में रीवा शहर सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई व्यापक जांच के दौरान कुल 56 प्रकरण ऐसे पाए गए जिनमें वाहन चालकों ने गंभीर रूप से मोटर वाहन अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन किया था।**

इन मामलों में रेड लाइट जंप करना, ओवर स्पीडिंग, स्टंटबाजी, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, तथा नशे की हालत में ड्राइविंग जैसी गंभीर लापरवाहियाँ प्रमुख थीं। संबंधित थानों और ट्रैफिक अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर इन सभी 56 मामलों को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रीवा द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी 56 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। मोटर यान अधिनियम, 1988 की धाराओं के अंतर्गत यह कार्रवाई कि गई।

भविष्य में भी इसी तरह के जांच अभियान जारी रहेंगे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसे किसी भी वाहन चालक को बख्शा नहीं जाएगा जो अपनी लापरवाही से खुद की और दूसरों की जान जोखिम में डालते हैं। उन्होंने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## नवीन न्यायालय भवन में अधिवक्ता बैठक व्यवस्था को लेकर विवाद, बिना नीति के शुल्क वसूली पर उठे सवाल

रीवा।



नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन में अधिवक्ताओं के लिए बैठक कक्ष आवंटन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अधिवक्ता संघ द्वारा बिना स्पष्ट नीति के शुल्क वसूली की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर अधिवक्ता समुदाय में नाराजगी देखी जा रही है। सोमवार को जब 6500 रुपये की निर्धारित राशि जमा कराने की सूचना के साथ आवंटन प्रक्रिया शुरू की गई, तो कई वकीलों ने विरोध दर्ज कराया। ज्ञात हो कि इससे पहले राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा अधिवक्ताओं की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि कुर्सी-टेबल या बैठक कक्ष के नाम पर कोई भी राशि वसूली नहीं की जाएगी। परिषद की अपीलीय समिति ने अधिवक्ता संघ रीवा की मनमानी पर अंकुश लगाते हुए यह जिम्मेदारी तीन अधिकृत सदस्योंशिवेन्द्र उपाध्याय, अखण्ड प्रताप सिंह और संघ अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेयको सौंपी थी कि वे अपनी सामूहिक सहमति से कोई भी निर्णय लें। बॉक्स बिना अनुमोदन की प्रक्रिया पर उठे सवालवरिष्ठ अधिवक्ता विजय विक्रम सिंह का कहना है कि बैठक व्यवस्था से संबंधित नीति तैयार कर स्टेट बार काउंसिल की समिति के माध्यम से जिला एवं सत्र न्यायाधीश की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक था, जो अब तक नहीं हुआ है। इसके बावजूद अधिवक्ताओं से शुल्क लिया जा रहा है और कोई दावा-आपत्ति की प्रक्रिया भी निर्धारित नहीं की गई है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।बॉक्ससब कुछ नियमों के तहत इस मामले में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि नवीन न्यायालय भवन में उन अधिवक्ताओं के लिए बैठक सुविधा तैयार की जा रही है, जिन्हें अब तक कक्ष आवंटित नहीं हुए हैं। वर्तमान व्यवस्था अधिवक्ता बैठक व्यवस्था नियम 2025 के अंतर्गत बनाई जा रही है और सभी निर्णय तीनों अधिकृत सदस्यों की संयुक्त सहमति से लिए गए हैं। बॉक्स अधिवक्ता समुदाय में असंतोषभवन की भव्यता और हाईटेक सुविधाओं के बीच यदि पारदर्शिता और न्यायसंगत प्रक्रिया सुनिश्चित न की जाए, तो यह अधिवक्ता समाज में असंतोष को जन्म देता है। बैठक व्यवस्था की वर्तमान प्रक्रिया पर उठते सवालों को देखते हुए अब अधिवक्ताओं ने यह मांग की है कि किसी भी प्रकार की वसूली पूर्व निर्धारित नीति और नियामकीय मंजूरी के बिना न की जाए।

## विभिन्न दुकानों से लिये गये खाद्य नमूने



**रीवा ।** कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल के निर्देश पर रक्षा बंधन त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए मिष्ठान प्रतिष्ठानों कारखानों एवं रीवा क्षेत्र में बाहर जाने वाले मावे एवं मिल्क केक की जाँच के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विशेष अभियान आरंभ किया गया है। जाँच के दौरान प्रभू डेयरी एवं स्वीट्स रतहरा बाईपास से मावा दही एवं दूध, पयोर मिल्क डेरी स्वीट्स पडरा से पनीर एवं दही, कृष्णा डेयरी एवं स्वीट्स शांति बिहार कॉलोनी से दूध बिस्किट , शगुन डेरी कुठुलिया से दूध एवं दही , द्विवेदी मिष्ठान भंडार न्यू बस स्टैंड से बर्फ़ी एवं समोसा ,कृपा स्वीट्स पीटीएस चौराहा से मिल्क केक के नमूने जाँच हेतु भेजे गए हैं। सभी प्रतिष्ठानों में निरीक्षण के दौरान स्वच्छता की कमी पाए जाने से संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार गंगेव स्थित संध्या स्वीट्स में संदेहास्पद मिल्क केक एवं बर्फ़ी पाए जाने पर समस्त मिठाइयों को नष्ट कराया गया। त्योहार के समय रीवा में मानिकपुर की ओर से रेल एवं प्राइवेट गाड़ियों की सहायता से अमानक मावे की आवक की शिकायत प्राप्त होने पर पकड़ने के प्रयास किए जा रहे है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में मानिकपुर उत्तर प्रदेश से रीवा में खपाने के लिए लाया जा रहा तीन क्विंटल संदेहास्पद मावा ज़ब्त किया गया। यह सामग्री मातादीन व्यापारी की है जो मानिकपुर चित्रकूट निवासी है और रीवा में मावा भेजते हैं। मिठाइयों की गुणवत्ता की सामान्य जाँच आम उपभोक्ता घरों पर भी कर सकते हैं। बाज़ार से खरीदे गये मावा में टिंचर आयोडीन डालने पर मावा काला हो जाय तो मावे में स्टार्च अर्थात मैदा आलू अथवा आरारोट इत्यादि की मिलावट हो सकती है।

# रामपुर में एलडीओ विनय मोरे की विशेष उपस्थिति में सैचुरेशन कैंप का हुआ आयोजन

मऊगंजः




जनपद पंचायत नईगढी अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर में वित्तीय साक्षरता सेचुरेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें आरबीआई भोपाल से एलडीओ बिनय मोरे की विशेष उपस्थिति रही तथा कैंप कासंचालन असिस्टेंट काउंसलर (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र ने किया सर्वप्रथम उपस्थित जनता का अधिकारियों का परिचय कराया तत्पश्चात वित्तीय साक्षरता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई जैसे बैंक में खाता की आवश्यकता क्यों है रीकेवाईसी क्या है खाता में मोबाइल दर्ज करना क्यों आवश्यक है तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन योजना यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के बारे में एवं साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताए गए आरबीआई अधिकारी श्री मोरे जी ने कहा की बहुत ऐसे जनधन के खाते खोले गए थे परंतु उसे लेनदेन नहीं किया गया और वह खाता बंद पड़े हैं इसलिए सभी से विशेष आग्रह है कि आप लोग जिनका बैंक में आधार लिंक है वह कियोस्क सेंटर में जाकर अपनी री रीकेवाईसी करा कर खाता चालू कर ले क्योंकि जब हमारा खाता पूरी तरह से सही रहेगा तभी हमारे खाते में राशि आएगी इसलिए सरकार की जितनी भी योजनाएं हैं सब आप लोगों के लिए हैं इसलिए ऐसा ना हो कि आप लाभ से वंचित हो जाए बहुत लोगों की रीकेवाईसी पेंडिंग है उसकी सूची भी उपलब्ध करा दी गई है ग्राम पंचायत एवं बी आपस में सामान्य से बनाकर उन लोगों से मिलकर जिनका शेष है उन्हें कंप्लीट करा ले कार्यक्रम में प्रमुख रूप से असिस्टेंट काउंसलर संतोष कुमार मिश्र मैनेजर एमजीबी प्रदीप कुमार मऊगंज एमजीबी नईगढ़ी आदित्य मधुकर मीना संखवार डायरेक्टर आरसेटी मऊगंज महेंद्र मिश्रा आशा सुपरवाइजर रीना सिंह कियोस्क संचालक यूनियन बैंक विकास पटेल, संजय मिश्रा,अनीश साहू आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा कार्यकर्ता एवं गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे अपना आधार कार्ड लेकर अधिक से अधिक लोग आए और अपनी रीकेवाईसी कंप्लीट कराया इस सफल आयोजन के लिए संतोष कुमार मिश्र द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया

## समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही करें - कलेक्टर

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी अधिकारी 100 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों तथा समाधान ऑनलाइन के आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही करें। निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रथम सूचना रिपोर्ट, बिजली बंद होने तथा वोल्टेज की समस्या, ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, जल निकासी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शामिल हैं। कलेक्टर ने कहा कि एजेण्डा बिन्दुओं में पीएम किसान सम्मान निधि, जननी सुरक्षा योजना तथा तीन सौ दिवस से अधिक समय से लंबित आवेदन शामिल हैं। संबंधित अधिकारी तत्परता से कार्यवाही करके प्रकरणों का निराकरण करें। जिन योजनाओं में हितग्राहियों को पात्रता के अनुसार राशि का वितरण किया जाना है उनमें तत्काल राशि आवंटित करने की मांग करें। मांग पत्र में सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों का उल्लेख भी करें। जिन योजनाओं में आवंटन प्राप्त हो गया उनमें राशि का भुगतान करके संतुष्टिपूर्वक प्रकरण निराकृत कराएं। सभी जिला अधिकारी 100 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों तथा समाधान ऑनलाइन एजेण्डा बिन्दु के आवेदनों पर स्वयं कार्रवाई करके इनका निराकरण सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में तथ्यपरक प्रतिवेदन दर्ज करें। आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## 8 या 9 अगस्त कब है रक्षाबंधन? ज्योतिष मर्मज्ञ श्रीनाथप्रपन्नाचार्यजी महाराज द्वारा जाने जानें सही तारीख और राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

रमेश सिंह, हरिभूमि भोपाल



भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार 9 अगस्त को मनाया जाएगा, इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं। कब है रक्षा बंधन जानते हैं ज्योतिष मर्मज्ञ श्रीनाथप्रपन्नाचार्य के द्वारा शुभ मुहुर्त - सावन महीने की पूर्णिमा तिथि 08 अगस्त को दोपहर 02:12 पर शुरू होगी और 09 अगस्त को दोपहर 01:24 पर समाप्त होगी, उदया तिथि के अनुसार, 9 अगस्त को रक्षा बंधन मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि प्रारम्भ - अगस्त 08, 2025 को 02:12 पी एम बजे पूर्णिमा तिथि समाप्त - अगस्त 09, 2025 को 01:24 पी एम बजे कब से कब तक रहेगी भद्रा - भद्रा काल की बात करें, तो यह 8 अगस्त को दोपहर 02:12 बजे शुरू होकर 9 अगस्त की अर्द्धरात्रि 01:52 बजे तक रहेगा, रक्षा बन्धन के दिन भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी इसलिए इस वर्ष राखी बांधने पर भद्रा का कोई असर नहीं पड़ेगा। श्रीनाथ प्रपन्नाचार्य जी द्वारा जानते हैं हैं राखी बांधने का शुभ मुहूर्त - रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने का शुभ समय 9 अगस्त की सुबह 05:47 बजे से दोपहर 01:24 बजे तक रहेगा, हालांकि इस बीच राहु काल भी पड़ेगा, जिसमें राखी बांधना वर्जित माना गया है, इस दिन सुबह 09:07 से सुबह 10:47 तक राहुकाल रहने वाला है।